रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-69 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### अपर कलेक्टर और एडीएम का नाम लिख कर्मचारी ने लगाई फांसी

**रायपुर।** रायपुर कलेक्टोरेट में पदस्थ एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कर्मचारी का शव उसके घर के कमरे में मिला। पुलिस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। मिली जानकारी अनुसार शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। नोट में उच्च अधिकारी के द्वारा प्रताड़ित करने की बात लिखी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम प्रदीप उपाध्याय था। प्रदीप रायपुर कलेक्ट्रेट में चपरासी के पद पर पदस्थ था और पुरानी बस्ती में रहता था। सोमवार सुबह उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। नोट में मृतक ने कलेक्ट्रेट में पदस्थ एडीएम, अपर कलेक्टर और तत्कालीन अपर कलेक्टर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

### पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई।** एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और दूरसंचार समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 602.75 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,005.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158.35 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 24,339.15 अंक पर पहुंच गया।

## पीएम मोदी धन्वंतरि जयंती पर 12850 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित 12 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य दायरे कवरेज के विस्तार का शुभारंभ करेंगे। मोदी देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चरण- द्वितीय का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री 11 तृतीयक स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे, जो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करने वाली टीकाकरण प्रक्रिया को डिजिटल बनाता है। मेक इन इंडिया के अनुरूप प्रधानमंत्री चिकित्सा उपकरणों और थोक दवाओं के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहलों का भी शुभारंभ भी होगा। प्रधानमंत्री एक राष्ट्रव्यापी अभियान, 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' भी शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वह प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजना भी शुरू करेंगे, जिसमें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए अनुकूलन रणनीति तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। यह गर्भवती महिलाओं और बच्चों (जन्म से 16 वर्ष तक) को बीमारियों के खिलाफ जीवन रक्षक टीकों को समय लगाया जा सकेगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के लिए एक पोर्टल भी जारी करेंगे।

## सरदार पटेल की जयंती के कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर भाग लें : नड्डा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं का देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ पटेल की 150वीं जयंती को धूमधाम से मनाने और मंगलवार को होने वाली रन फॉर यूनिटी में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। नड्डा ने एक बयान में कहा कि भाजपा, भारत के लौह पुरुष, आजादी के बाद भारतवर्ष के एकीकरण के सूत्रधार, दूरद्रष्टा एवं देश के पहले उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरे हर्षोल्लास के साथ देश भर में मनाती है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात केंद्र सरकार पूरे देश में आदर एवं सम्मान के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आदर एवं सम्मान के साथ मनाई जाती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल की 143वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने 31 अक्टूबर 2018 को दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण किया था। इस दिन केंद्र सरकार की ओर से 'रन फॉर यूनिटी' सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और सरदार पटेल को नमन कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हम 2014 से सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा, इस वर्ष सरदार पटेल जयंती का 150वां वर्ष शुरू हो रहा है।

## साय कैबिनेट में कई अहम फैसले



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु स्वीकृत शासकीय प्रत्याभूति राशि (14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता अवधि को एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2025 तक पुनर्वैधिकरण करने का निर्णय लिया है। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रथम प्रतिवेदन एवं अनुशंसा अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ऐसे निकाय जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उस निकाय में शून्य होगा। यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण निकाय में 50 प्रतिशत से कम है, तो उस निकाय में अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा तक अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होगा, परंतु यह आरक्षण उस निकाय की अन्य पिछड़ा वर्ग के आबादी से अधिक नहीं होगा। निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होते हैं जैसे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष इत्यादि, उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर उपरोक्त सिद्धांत का पालन करते हुए आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के 97 शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किये जाने का अनुमोदन किया गया। शेष शिक्षक (पंचायत) के प्रकरणों पर पंचायत विभाग से पात्रता की अनुशंसा प्राप्त होने पर संविलियन करने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग को ➢शेष पेज 2 पर

## नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल ने सोमवार को नया रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. मित्तल को प्रभारी आयुक्त एवं संचालक अजय अग्रवाल ने कार्यभार सौंपा एवं उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. रवि मित्तल 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे हाल ही में जशपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। डॉ. मित्तल ने महासमुंद, रायगढ़ व रायपुर में जिला पंचायत सीईओ के रूप में कार्य किया है। वे 2018 में बगीचा एसडीएम भी रह चुके हैं। डॉ रवि मित्तल ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस किया और फिर वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में आये।

## महाराष्ट्र के साथ बड़ा भेदभाव कर रहे हैं मोदी : कांग्रेस



**नयी दिल्ली/ (वार्ता)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के साथ भेदभाव कर रहे हैं और देश की आर्थिक राजधानी को गुजरात के बड़ोदरा में स्थानांतरित करने के लिए काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में कहा कि टाटा की एयरबस बनाने के महाराष्ट्र के नागपुर में लगने वाली फैक्ट्री का मोदी ने वडोदरा से उद्घाटन कर आर्थिक राजधानी को बदलने का संकेत दे कर उन्होंने महाराष्ट्र के घावों पर नमक छिड़कने का काम किया है, लेकिन अब भेदभाव की राजनीति नहीं होने दी जाएगी। खेड़ा ने प्रधानमंत्री से पूछा मोदी। महाराष्ट्र से भेदभाव क्यों। नागपुर में लगने वाले टाटा एयरबस सी- 295 फैसिलिटी का वडोदरा में उद्घाटन कर महाराष्ट्र के ज़ख्म पर नमक छिड़क रहे हैं।

## प्रदूषण के खिलाफ़ 'युद्ध' में तैनात होंगे 10 हज़ार मार्शल : आतिशी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली में एक सप्ताह के अंदर 10 हज़ार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और बस मार्शलों को प्रदूषण के खिलाफ़ 'युद्ध' में ज़मीन पर तैनात किया जाएगा। आतिशी ने सोमवार को कहा कि प्रदूषण के खिलाफ जंग में 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और बस मार्शलों को ज़मीन पर तैनात किया जाएगा और सप्ताह भर में इनका पंजीकरण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि, वाहनों को गलत तरीके से प्रदूषण सर्टिफिकेट न मिलें, इसके लिए सभी जांच केंद्रों पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और बस मार्शल तैनात किए जाएँगे। साथ ही ग्रैप की पाबंदियां बढ़ने के साथ दिल्ली की सीमाओं पर चेकिंग के एनफोर्समेंट टीमों के साथ बस मार्शलों की भी तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण रोकथाम के लिए दिल्ली नगर निगम और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मदद के साथ-साथ जागरूकता अभियानों में भी मार्शलों की तैनाती होगी।






# पुलिस भर्ती परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने से चयनित अभ्यर्थियों की दीपावली की खुशियां हुई दोगुनी

## पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों पर जनता की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



लंबे अरसे से सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को आज बड़ी राहत मिली, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर इस परीक्षा के रिजल्ट घोषित कर दिए गए। इस परीक्षा में 959 युवाओं का चयन सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर के पदों पर हुआ है। परीक्षाफल घोषित होने से उत्साहित अभ्यर्थियों ने नवा रायपुर सर्किट हाउस में मख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। चयनित अभ्यार्थियों में से लगभग 30 से 40 अभ्यर्थी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। भिलाई से आई वयोवृद्ध दुलारबाई देवांगन के नाती और नाती बहु का चयन इस परीक्षा में होने की खुशी उनके चेहरे पर झलक रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उनके प्रति आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि लंबे इंतजार के बाद उनके नाती तिलक देवांगन और नाती बहु भारती देवांगन का चयन हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिया। चयनित अभ्यर्थियों के परिजनों और अभ्यर्थियों के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। मुख्यमंत्री साय ने चयनित अभ्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा इस वर्ष आप सबकी दीपावली अच्छी होगी। आप लोग अपने चयन की खुशियां मनाएं। दीपावली तथा राज्य स्थापना दिवस पर दीप जलाएं। मुख्यमंत्री ने चयनित उपस्थित अभ्यर्थियों से कहा कि आप लोग बड़ी जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। जनता के रक्षक के रूप में आप पर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। नक्सली चुनौती का सामना करने के साथ कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी आप पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण के बाद चयनित अभ्यर्थी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जल संसाधन विभाग के 83 सहायक अभियंताओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। आगे भी विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अनुसार कार्य कर रही है। सभी के सहयोग से हम विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। इस कार्य में आप सभी की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी चन्द्रखुरी पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में ज्वाईनिंग दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन दीपावली के कारण कल किया जा रहा है, इसमें आप लोग भी अपनी भागीदारी करें। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि आप लोगों को देश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है।

# बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में पहुंचेंगें जशपुर के 30 बच्चों के नाम

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा के द्वारा लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर यूरोपा क्लीपर नामक अंतरिक्ष यान बृहस्पति और उसके चंद्रमा यूरोपा के लिए सोमवार को रवाना हुआ। यह अंतरिक्ष यान पृथ्वी से परे जीवन की तलाश के लिए बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की बर्फीली परत के नीचे जमे हुए महासागर तल पर प्रकाश डालेगा। बृहस्पति के 95 ज्ञात उपग्रहों में से एक यूरोपा के लिए जब इस अंतरिक्ष यान ने उड़ान भरी तो अपने साथ सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के सपनों को भी अपने साथ अंतरिक्ष में लेकर उड़ा। जहां यूरोपा क्लीपर में रखे सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के नामों के साथ जशपुर जिले के भी 30 बच्चों, शिक्षकों एवं जशपुर के निवर्तमान जिलाधीश डॉ. रवि मित्तल का नाम भी अपने साथ लेकर ऊँचाइयों को छूता गया। इस संबंध में नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के विषय विशेषज्ञ विवेक पाठक ने बताया कि नासा के अंतरिक्ष यान यूरोपा क्लीपर के साथ जशपुर के बच्चों के नाम भी अंतरिक्ष यान के साथ बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की यात्रा पर निकल गए हैं। इसके द्वारा जिला प्रशासन का प्रयास है कि बच्चों को अधिक से अधिक विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ा कर उन्हें विज्ञान के अनुप्रयोगों के लिए प्रेरित करना है एवं उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के अदभुत ज्ञान प्रति जागरूक करना है। इससे पहले भी परसिविएन्स रोवर के माध्यम से अंतरिक्ष यान के द्वारा जिले के सैंकड़ों बच्चों के नामों को सिलिकॉन चिप द्वारा मंगल ग्रह पर भेजा गया था। ज्ञात हो कि यूरोपा क्लिपर अगले वर्ष की शुरुआत में मंगल ग्रह से निकट से गुजरेगा और फिर 2026 के अंत में पृथ्वी के निकट से गुजरते हुए 2030 में बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर पहुंचेगा। इस संबंध में गम्हरिया की छात्रा आकांक्षा तिर्की ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि मैं और मेरे साथियों का नाम अब अंतरिक्ष में बृहस्पति ग्रह के उपग्रह यूरोपा तक पहुंच रहा है। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारा नाम भी अंतरिक्ष में पहुंच पायेगा। हमारे नाम के साथ हमें महसूस हो रहा है जैसे हम भी अंतरिक्ष में पहुंच गए है। हम इस पहल के लिये मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हैं जो हमें ये अवसर दिया। छात्रा प्रीति निराला ने कहा कि हम तो आज तक जमीन से टेलीस्कोप के द्वारा बृहस्पति को देखा था अब जब भी आसमान में बृहस्पति को देखेंगे तो सभी को गर्व से बताएंगे कि यहां से 290 करोड़ किमी दूर भी हमारा नाम बृहस्पति के यूरोपा उपग्रह पर जा चुका है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के आभारी हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने ब्राह्मणपारा, सुंदरलाल शर्मा, वामनराव लाखे वार्ड में जनसंपर्क किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने ब्राह्मण पारा वार्ड में अपना जनसंपर्क द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा सभापति प्रमोद दुबे पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा ने युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा को जनता से वोट देने की अपील किये। आकाश शर्मा ने ब्राह्मण पारा वार्ड में हनुमान मंदिर से सारथी चौक तक जनसंपर्क किया सारथी चौक में महिलाओं की सभा को सम्बोधित किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा मैं आकाश शर्मा को पिछले 10 वर्षों से जान रहा हूं बेहद मेहनती और जुझारू नेता है प्रदेश की राजनीति से दिल्ली तक उसने काफी संघर्ष किया है संघर्ष में कभी-कभी नहीं करता आप एक बार आपके बीच के युवा साथी को अपना समर्थन दे मैं यह वादा करता हूं कि आपके दुख सुख में आकाश शर्मा हमेशा खड़ा रहेगा और आप सभी से मैं हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं इस बार दक्षिण विधानसभा में एक युवा और एक सक्रिय प्रत्याशी को चुने। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने कहा की मैंने तीन वार्डो का जनसंपर्क किया इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता कुलदीप सिंह जुनेजा सभापति प्रमोद दुबे अनीता योगेंद्र शर्मा एवं दिल्ली से आए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब मौजूद रहे महिलाओं मैंने यह अपील किया कि इस 15 दिन के चुनाव में आप छोटे भाई और बेटे के नाते समर्थन दे आने वाले पूरे जीवन भर आपके सुख-दुख में खड़ा रहूंगा दक्षिण विधानसभा में जिस प्रकार नशे का कारोबार बढ़ रहा है उसे हम सभी मिलकर पूर्ण रूप से खत्म करेंगे एवं दक्षिण विधानसभा में इस बार निष्क्रिय प्रत्याशी नहीं एक सक्रिय युवा आप सभी का बेटा आकाश शर्मा को आप सभी चुने यह मेरा आप सभी से विनम्र अनुरोध है आप सभी जानते हैं कि लगातार प्रदेश के साथ हमारे दक्षिण विधानसभा में अपराध बेलगाम हो गए हैं आए दिन चाकू बाजी महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उनके प्रत्याशी अब कुछ नहीं कर पाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### साय कैबिनेट में कई अहम फैसले

अधिकृत किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों को वर्ष 2007 से वर्ष 2019 तक प्रथम मतांकन के आधार पर प्रथम व द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के लिए मात्र एक बार की छूट देने का मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रारूप एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह नई औद्योगिक विकास नीति 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2030 तक प्रभावशील रहेगी। इस नीति में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रावधान किए गए हैं, इस नीति से प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। नई औद्योगिक नीति में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में एमएसएमईडी एक्ट-2006 में सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों की परिभाषा में किए गए संशोधन को अपनाया गया है और राज्य में संतुलित विकास के लिए औद्योगिक विकास प्रोत्साहन प्रदान करने का विशेष प्रावधान किया गया है। नवीन औद्योगिक नीति 2024-30 के उद्दश्यों की पूर्ति के लिए राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना, विस्तारीकरण/विविधीकरण, प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्यों के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। राज्य के सभी क्षेत्रों में सर्वागींण औद्योगिक विकास के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी जिलों के विकासखण्डों को तीन क्षेणियों में विभाजित करके दिए जाने वाले औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की मात्रा का निर्धारण भी किया जाएगा। नई औद्योगिक विकास नीति में कोर सेक्टर के उत्पादों जैसे स्टील, सीमेंट, ताप विद्युत एवं एल्यूमिनियम के लिए पृथक प्रावधान तथा राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर थ्रस्ट एवं सामान्य उद्योगों में विभाजित किया गया है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मिलने पहुचे युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मिलने युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चीब उनके निवास पहुंचे। महंत ने कहा युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने उपरांत उदय भानू चिब का यह प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन है। डॉ. महंत ने तिरंगा दुपट्टा एवं गांधी प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया। महंत ने कहा आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास और भरोसा है उदय भानु युवक कांग्रेस की माहिती जिम्मेदारी के माध्यम से युवा भारत की आवाज को और भी बुलंद करेंगे।

# रायपुर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन रायपुर में तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से आज प्रातः 7 बजे किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगें। यह दौड़ सुबह 7 बजे से तेलीबांधा तालाब से प्रारंभ होकर गौरेया चौक में समाप्त होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से रन फार यूनिटी में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन हमें भारत की एकता और अखंडता की महत्वपूर्ण सीख देता है। 31 अक्टूबर को दीवाली होने के कारण इस बार हम 29 अक्टूबर को यह आयोजन कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हम सबको अपने देश की विविधताओं में एकता का महत्व समझाता है और हमें एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि हम सभी इस दौड़ में सम्मिलित होकर उनके सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्प लें। रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर हम सभी एकजुटता, अखंडता और अपने राष्ट्र के प्रति असीम श्रद्धा को प्रदर्शित करें।






# पायनियर हलचल...

## राजेश का रसूख और बृजमोहन की छाया-माया



रायपुर दक्षिण का उपचुनाव इस बार कई मायनों में अहम होने जा रहा है। हालांकि अब तक ज्यादातर उपचुनावों में सत्ताधारी दल को विजयश्री मिलते रही है। लेकिन यह उपचुनाव कई मायनों में अन्य चुनाव से जुदा है। अभी तक रायपुर दक्षिण से कद्दावर भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल स्वयं चुनाव लड़ते रहे हैं। यह पहली दफा है जब राजनीति में बृजमोहन की छाया कहे जाने वाले सुनील सोनी भाजपा की ओर से मैदान में हैं। वहीं पार्टी में रसूख रखने वाले राष्ट्रीय सचिव और प्रियंका गांधी के अति-करीबी राजेश तिवारी के दामाद आकाश शर्मा को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने 2008 के विधानसभा चुनाव के बाद इस बार फिर ब्राह्मण प्रत्याशी पर विश्वास जताया है। कुल मिलाकार अघोषित लड़ाई बृजमोहन अग्रवाल और प्रियंका गांधी के करीबी राजेश तिवारी के बीच होने जा रही है। बृजमोहन की भांति राजेश तिवारी को भी राजनीति का कुशल रणनीतिकार माना जाता है, सम्भवतः इसीलिए वह पूर्व सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार रहे और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य की अहम जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई। दक्षिण विधानसभा में कुल 259948 मतदाता हैं। जिसमें 129093 पुरुष, वहीं 130804 महिला तथा 51 थर्ड जेंडर शामिल हैं। दरअसल में इस बार कांग्रेस मुश्लिम वोटरों के साथ-साथ ब्राह्मण वोटरों को साधने की जुगत में हैं। अभी तक ब्राह्मण वोटर 100 प्रतिशत भाजपा और बृजमोहन के साथ थे, इस बार बंटने के आसार हैं। दरअसल में इस क्षेत्र में तकरीबन 25000 मुश्लिम वोटर वहीं 35 हजार से अधिक ब्राह्मण वोटर हैं, इसके साथ तकरीबन 8000 कुर्मी वोटर हैं। कुर्मी वोटरों को साधने भूपेश बघेल इस बार आकाश और राजेश के लिए हर संभव प्रयास करते दिख रहे हैं। इसके साथ ही दक्षिण विधानसभा में कुल 19 पार्षद हैं, जिसमें से कांग्रेस के 11 और भाजपा के 8 हैं। इस उपचुनाव के बाद राज्य में निकाय चुनाव होने हैं, कांग्रेसी पार्षदों को राजेश के रसूख का भय भी होना स्वाभाविक है। कहा यह भी जा रहा है कि कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड में आकाश को लीड नहीं मिली तो पार्षदों की टिकट में खतरा मंडरा सकता है। बहरहाल हार और जीत जिसकी भी लेकिन इस चुनाव में राजेश का रसूख और बृजमोहन की छाया-माया महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

## आईटी हब दुर्ग या रायपुर

आईटी हब रायपुर बनेगा या दुर्ग इसका जल्द ही ऐलान होने जा रहा है। दरअसल में आईटी पार्क की पॉलिसी सामने आने के बाद इसका खुलासा हो जाएगा। हालांकि लंबे समय से दुर्ग को आईटी हब बनाने की चर्चा रही है। लेकिन भाजपा के एक कद्दावर नेता राजधानी रायपुर को आईटी हब बनाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बहरहाल पॉलिसी सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा की आईटी हब के रुप में रायपुर को या फिर दुर्ग को जगह मिलने जा रही है।

## पुरंदर और दयानंद का कद बढ़ा



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 2 दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ रहीं। दो दिवसीय प्रवास के आवभगत और विष्णुदेव सरकार की कार्यशैली देखकर राष्ट्रपति गदगद दिखाई दीं। दरअसल में परदे के पीछे राष्ट्रपति के दौरे और व्यवस्था से संबंधित जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के सचिव आईएएस दयानंद ने सम्भाल रखी थी। राष्ट्रपति का यह दो दिवसीय दौरा राज्य के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। वहीं राष्ट्रपति के दौरे के बाद रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा का कद और बढ़ गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने अवंती विहार पहुंचीं, इस मंदिर के ट्रष्टी स्वयं विधायक पुरंदर मिश्रा हैं। निश्चित ही विधायक पुरंदर मिश्रा के लिए यह पल किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं हैं।

## साजा में चिंगारी



विपक्षी दल के नेता लगातार कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाकर विष्णु सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर गृह विभाग भी लगतार विपक्ष को मौका पर मौका दे रहा है। दरअसल में राज्य में बैक टू बैक घटनाएं हो रही हैं, जिस पर लागाम लगाने में अब तक राज्य की पुलिस नाकामयाब दिख रही है। पहले बलौदाबाजार कांड, उसके बाद कवर्धा के लोहारीडीह में घटना, सूरजपुरकांड, उसके बाद फिर बलरामपुर कांड। इतनी सारी घटनाओं के बाद भी विभाग के आला अफसर नींद से नहीं जाग रहे। जिसकी चिंगारी अब साजा में भी दिखने लगी है। दरअसल में साजा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू पर आरोप है कि उन्होंने दशहरा उत्सव के दिन चेचानमेटा में आदिवासी युवक मनीष मंडावी को जमकर पीटा है। 15 दिन बीत जाने के बाद भी इस हाईप्रोफाइल मामले को शांत नहीं किया गया। जिसके कारण आदिवासी युवक की पिटाई का मामला अब राजनीतिक और सामाजिक रुप ले चुका है। सर्व आदिवासी समाज ने बड़ी संख्या में रैली निकालकर साफ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो परिमााण भुगतने लिए तैयार रहें। अरविंद नेताम जैसे बड़े आदिवासी नेता इस मुद्दे में मोर्चा सम्भाले हुए हैं। रैली के बाद आदिवासी नेताओं के भाषण में साफ तौर पर आक्रोश दिखाई दे रहा है। कहीं यह चिंगारी तो नहीं.......?

## रानू का क्या?



भ्रष्टाचार के अरोपों के चलते आईएएस रानू साहू पिछ्ले एक साल से अधिक समय से सलाखों के पीछे बंद हैं। रानू के गिरफ्तारी के समय तत्कालीन भूपेश सरकार ने आरोप लगाया था कि ईडी की कार्रवाई में विपक्षी दल यानि की भाजपा की भूमिका है। जो समय के साथ महज सिर्फ एक आरोप बनकर रह गया है। दरअसल में दबे जुबां अब यह चर्चा हो रही है कि रानू की गिरफ्तारी में आईएएस विरादरी के ही कुछ अफसरों का हाथ रहा। हालांकि आरोपों के आधार पर हुई अन्य मामलों की गिरफ्तारी में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, मंत्री सतेन्द्र जैन, झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन समेत कई लोग जेल से बाहर आ चुके हैं। ऐसे में आईएएस रानू साहू का क्या होगा? फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस बीच माया वारियर की गिरफ्तारी ने मामले में नया मोड़ ले लिया है। कहा जा रहा है कि माया वारियर का दुर्ग कनेक्शन रानू साहू से जुड़ सकता है। दरअसल में माया वारियर कोरबा में आदिवासी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर रह चुकी हैं। डीएमएफ घोटाले में माया वारियर की गिरफ्तारी की गई है, चूंकि माया का दुर्ग से विशेष नाता है। ऐसे में माया, रानू और सौम्या की कड़ी जुड़ने की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

## अबिनाश के कामों की चर्चा



2018 बैच के आईएएस अफसर अबिनाश मिश्रा वर्तमान में रायपुर नगर निगम के कमिश्नर हैं। अबिनाश आईआईटी के छात्र रहे हैं, उन्होंने शहर के मध्य में स्थित खाली जगह के सदउपयोग की बेहतर तरकीब निकाली है। दरअसल में महानगरों में बड़े- बड़े ब्रिजों का निर्माण होना आम हो चुका है। लेकिन ब्रिज निर्माण के बाद उसके नीचे की जगह में कब्जा हो जाता है, या यहां पर कबाड़ समेत अन्य की अवैध दुकाने खोल ली जाती हैं। कुल मिलाकार शहर के बीचों-बीच की जगह की उपयोगिता शून्य हो जाती है। जिस पर कमिश्नर मिश्रा ने बेहतर तरकीब निकालते हुए इसे पब्लिक यूज के लिए समर्पित कर दिया है। दरअसल में कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने तेलीबांधा ब्रिज के नीचे खाली जगह समेत अन्य जगहों में क्रिकेट नेट लगवा कर खेल प्रेमियों के लिए एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। अब शाम-सुबेरे जब आप राजधानी के इस इलाके से गुजरेंगे तो यहां बेजा- कब्जा और गंदगी नहीं, बल्कि छात्र-छात्राएं खेलते नजर आयेंगे। कमिश्नर अबिनाश के इस काम की इन दिनों जमकर चर्चा हो रही है।

## जिम्मेदार कौन?



राज्य में वन्य जीवों की लगातार मौत हो रही है। बीते दिनों रायगढ़ जिले में एक साथ तीन हाथियों की मौत हो गई, जिसमें एक नर हाथी, मादा हाथी और एक शावक भी शामिल था। यह मौत करंट की चपेट में आने से होना बताया जा रहा है। लेकिन इस बीच जो आंकड़े सामने आए हैं वह हैरान करने वाले हैं। पिछले 6 सालों में बिजली करंट से 35 हाथी मरे हैं। वहीं अभी तक कुल 78 हाथियों की मौत हो चुकी है। वन्य जीवों के प्रति विभाग ने अब तक कोई बड़ी रणनीति तैयार नहीं की है, जिसके कारण इन बेजुबान जानवरों की दर्दनाक मौत हो रही है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

editor.pioneerraipur@gmail.com

# जनदर्शन में सड़क, बिजली सहित विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण के निर्देश किए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कोंडागांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमड़ी के आश्रित ग्राम चाचीबेड़ा के ग्रामीणों ने नया आंगनबाड़ी खोलने की मांग की। ग्रामवासियों की मांग पर कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मर्दापाल तहसील के कोरहोबेड़ा, ग्राम-कीलम के ग्रामवासियों ने बिजली की सुविधा देने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम-कीलम के कोरहोबेड़ा में आज पर्यन्त बिजली नहीं पहुंच पाई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर बिजली व्यवस्था प्रदाय करने हेतु सीएसईबी के अधिकारी को निर्देशित किया। कोंडागांव शहर के आरएस कॉलोनी, डीएनके कॉलोनी और जामकोटपारा के वार्डवासियों ने सड़क, नाली, पेयजल की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर सीएमओ नगरपालिका को वार्डवासियों क समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार चाचीबेड़ा के ग्रामीणों ने बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए सड़क निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर सड़क निर्माण हेतु कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। इसके अलावा जनदर्शन में सी.सी. सड़क निर्माण, पुल निर्माण, आवास, वन अधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी भवन की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बुटलूराम के प्रयासों में सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक संरक्षण शामिल : प्रधानमंत्री मोदी





पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 115वें संस्करण में नारायणपुर जिले के देवगांव निवासी बुटलूराम माथर की प्रशंसा करते हुए विशेष रूप से अबुझमाड़िया जनजाति की लोककला के संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान और स्वच्छ भारत मिशन में उनके योगदान को उजागर किया। बुटलूराम माथरा पिछले चार दशकों से जनजातीय लोककला के संरक्षण में सक्रिय हैं। उनके प्रयासों ने न केवल स्थानीय संस्कृति को जीवित रखा है, बल्कि उन्होंने अपनी कला के माध्यम से सामाजिक अभियानों को भी बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कार्य समाज को प्रेरित करते हैं और देश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने में सहायक होते हैं। बुटलूराम माथरा ने बताया कि उन्होंने 5वीं कक्षा तक पढ़ाई की है लेकिन मुख्य पेशे के तौर पर कृषक होने के नाते वे बांस की कला कृतियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के यंत्र बनाते हैं। इससे वे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। उनकी कृतियों में बांस की सजावट, बर्तन और अन्य यांत्रिक उपकरण शामिल हैं, जो न केवल सुंदरता में वृद्धि करते हैं बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। बुटलूराम जी का मानना है कि कला समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है और इससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुटलूराम के प्रयासों को एक मिशन के रूप में देखा, जिसमें सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक संरक्षण दोनों शामिल हैं। उनका यह कार्य निश्चित रूप से दूसरों को प्रेरित करेगा और जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने में मदद करेगा। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुटलूराम माथरा जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार माथरा जी के प्रयासों को बढ़ावा देगी ।

# पुलिस हिरासत में मौत की घटना पीड़ा दायक : टीएस सिंहदेव

## बलरामपुर पुलिस की कार्यप्रणाली से संतोषी नगर बना राजनीति का अखाड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संतोषी नगर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर पुलिस अभिरक्षा में मृत गुरु चंद मंडल के परिजनों से मिल कर घटना क्रम की जानकारी ली। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट के सीटिंग जज से मामले की जांच कराने और दोषी सभी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की है। बलरामपुर थानांतर्गत ग्राम संतोषी नगर निवासी गुरु चंद मंडल की विगत दिनों पुलिस अभिरक्षा में मौत हो गयी थी। उसकी पत्नी रीना मंडल के गुमशुदगी के मामले पुलिस उसे और परिजनों को लगातार पूछताछ के लिए थाने बुला रही थी। मृतक के पिता ने पूर्व उप मुख्यमंत्री को बताया कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने बुलाकर अमानवीय ढंग से पिटाई की।घटना पूर्व मृतक गुरु चंद मंडल,पिता शांति मंडल,असीम मंडल सहित दो अन्य लोगो को 3 दिन से पूछ ताछ के नाम पर थाने में रखकर टॉर्चर किया जा रहा था। इसी बीच उन्हें पुलिसकर्मियों के आपसी बातचीत से गुर चंद मंडल की मौत की अपुष्ट जानकारी मिली। पुलिस की ओर से थाने में मौजूद परिजनों को कुछ भी नही बताया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रताड़ना से परिजनों के शरीर मे आयी चोट कांग्रेस की टीम को दिखाया। मृतक गुरुचंद के शरीर मे पुलिस की पिटाई के निशान का वीडियो, फोटो भी उपलब्ध कराया। पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कहा कि यह घटना पीड़ा दायक है। पहली नजर में साफहै गुरु चंद मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है बाद में उसके शौचालय में फांसी लगाने की कहानी गढ़ी गयी। इस घटना की जांच है उच्च न्यायालय के सीटिंग जज अथवा सीबीआई जैसी संस्था से कराई जानी चाहिए। जिन भी पुलिस वालों पर आरोप है उनके निलंबन और दोषी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही से कम कुछ भी मंजूर नहीं। जिन पर समाज की रक्षा की जिम्मेदारी है उनका ऐसा जघन्य अपराध अक्षम्य है। उन्होने कहा ऐसा लगता है कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है।आदिवासी मुख्यमंत्री के शासन काल मे आदिवासियों और आदिवासी क्षेत्र के लोगो पर अत्याचार की घटनाएं तेजी से बढ़ी है।इस दौरान औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक महापौर डॉ अजय तिर्की, पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम,बलरामपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी,सूरजपुर जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी,प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्र, राकेश गुप्ता, रिपुजीत सिंह, हरीश मिश्रा, अजय गुप्ता, शिव भजन मरावी, आशीष वर्मा, अशोक सिंह राजू, लालसाय मिंज, अजय सिंह, आलोक सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, ऋषिकेश मिश्रा, डॉ दिनेश यादव, ओंकार गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, मुन्ना सिंह, हरीश मिश्रा, दिलीप धर, नन्हेलाल गुप्ता, अविनाश कुमार, क्षितिज चन्देल, बृजेश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

## निकटतम वारिसानों के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान अधिनियम के तहत टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फण्ड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिस के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम कसहीबाहरा (मौलीमुड़ा) निवासी भुवनलाल रात्रे की मृत्यु होने पर उनके पुत्र श्री पावन कुमार रात्रे के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## बीएसएफ135 वीं वाहिनी ने फुटबॉल टेलेंट हंट प्रतियोगिता का फाइनल जीता

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कीड़ा परिसर मैदान नारायणपुर में 135वी वाहिनी बी.एस.एफ. के कमांडेंट नवल सिंह व तेदट फुटबॉल क्लब नारायणपुर के सहयोग से आयोजित बीएसएफ अबूझमाड़ टेलेंट हंट फुटबॉल टूर्नामेंट का इंटर बटालियन सेक्टर लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 135 बटालियन बीएसएफ और 11 बटालियन बीएसएफ के बीच खेला गया जिसमें बीएसएफ 135 बटालियन 7 गोलों से विजयी हुई। आयोजित इस फाईनल मैच में हजारों की संख्या में दर्शक थे, पूरा क्रीड़ा परिसर ग्राउण्ड नारायणपुर खेल प्रेमियों से भरा था। फाईनल मैच ओरछा-बी टीम व शांतिनगर क्लब के मध्य हुआ जिसमें ओरछा-बी टीम 2-0 से विजयी रही। इस नारायणपुर जिला के अलावा अन्य जिलों से आए हुए एवं सुदुरवर्ती गाँवों से आए हुए खिड़ालियों एवं दर्शकों ने इस अभूतपूर्व फुटबॉल टूर्नामेंट का भरपूर लुत्फ उठाया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पुरा अबूझमाड़ उठकर क्रीड़ा परिसर ग्राउण्ड में भरा हुआ हो। इस कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में आनंद प्रताप सिंह, आईपीएस, आईजी, सी.सु. बल, आईजी स्पेशल ओपीएस छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि प्रभात कुमार पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, वीरेन्द्र बहादुर पंचभाई अपर कलेक्टर नारायणपुर, बक्षराज कौशल डीआईजी( आपरेशन) बीएसएफ भिलाई, हरिन्दर पाल सिंह सोही डीआईजी बीएसएफ रायपुर, नवल सिंह कमाण्डेंट 135 बटालियन सीसुबल मौजुद थे।

इन दोनों फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक नवल सिंह, कमांडेंट, 135 वीं वाहिनी सी.सु.बल ने मिडिया से बताया की इस खेल का आयोजन का मुख्य लक्ष्य अबूझमाड़ के बच्चों की छिपी प्रतिभा को आगे बढाना, यहाँ के यूथ के मन में सिक्योरिटी फोर्स, प्रशासन एवं सरकार के प्रति विश्वास पैदा करना है। इस फुटबॉल टुर्नामेंट में अबूझमाड़ की 16 टीमें व सीमा सुरक्षा बल की 4 टीमों ने हिस्सा लिया। यह नारायणपुर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा फुटबॉल मैच का आयोजन है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दीपावली के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों की सघन जांच अभियान

**महासमुंद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित कर जांच की गई। जिले के अलग-अलग विकासखण्डों में एसडीएम के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई एवं ज्योति भानु द्वारा निरीक्षण किया गया। चलित प्रयोगशाला की सहायता से मौके पर मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें कुछ प्रतिष्ठानों पर अवमानक खाद्य पदार्थ पाए जाने पर उन्हें विनष्ट कर विक्रय से अलग कर दिया गया। इनमें सरायपाली में 08 और 22 अक्टूबर को खाद्य अधिकारी शंखनाद भोई ने विभिन्न मिठाइयों जैसे मलाई पेड़ा, चमचम और खोवा तथा आटा का नमूना संकलित किया। चलित प्रयोगशाला द्वारा 37 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें 33 मानक और 4 अवमानक पाए गए। अवमानक मिठाइयों को मौके पर नष्ट किया गया। 23 अक्टूबर को बसना में पनीर के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए। 43 मिठाइयों की जांच की गई, जिनमें से 38 मानक और 5 अवमानक पाए गए। इसी तरह 14 अक्टूबर को बागबाहरा में जलेबी, कलाकंद, मलाई कतली, पेड़ा और घी के नमूने संकलित किए गए। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। 09 और 16 अक्टूबर को पिथौरा में जयश्री राम चावल, घी, चॉकलेट रोल, मगज लडडू और रसगुल्ला के नमूने संकलित किए गए। 48 मिठाइयों की जांच में 46 मानक और 2 अवमानक पाए गए तथा 15, 23 और 25 अक्टूबर को महासमुंद में माउथ फ्रेशनर, बिस्किट, बालूशाही, घी और पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया गया।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत् पुनरीक्षण-पूर्व संबंधी गतिविधियां जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वे, मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण, कंट्रोल टेबल अद्यतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को जिले के समस्त 622 मतदान केन्द्रों तथा विधानसभा क्षेत्र 82 केशकाल (अ.ज.जा.) तथा 83-कोंडागांव (अ.ज.जा.) के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में जनसाधारण के अवलोकनार्थ किया जाएगा। उक्त सूची का अवलोकन कर नागरिक यह जान सकते हैं कि उनका नाम मतदाता सूची में पंजीकृत है अथवा नहीं। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 के लिये दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक निर्धारित की गई है। उक्त अवधि में ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है तथा ऐसे युवा जिनकी 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो रही हो, अथवा 1 अप्रैल 2025, 1 जुलाई 2025 एवं 1 अक्टूबर 2025 में से किसी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु आवेदन प्रारूप 06 में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है किन्तु उनकी मृत्यु हो चुकी है, ऐसे मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित करने हेतु आवेदन प्रारूप-07 में परिवार के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त नाम, पता, जन्म तिथि संशोधन एवं मतदान केन्द्र स्थानांतरण करने हेतु प्रारूप-08 भरकर संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. या अभिहित अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। आयोग द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु निर्धारित तिथि 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर दिन गुरुवार तक ये सभी फार्म बी.एल.ओ. व अभिहित अधिकारी के पास उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें अपने निवास क्षेत्र के मतदान केन्द्र में नियुक्त बी.एल.ओ. व अभिहित अधिकारी से कार्यालयीन दिवस समय में निःशुल्क प्राप्त कर आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु निर्धारित तिथियों को बी.एल.ओ. तथा अभिहित अधिकारी कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक प्रत्येक मतदान केन्द्र में पुनरीक्षण अवधि में उपस्थित रहेंगे। पुनरीक्षण अवधि के दौरान दावा आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में 9 नवंबर, 10 नवंबर 2024 तथा 16 नवंबर व 17 नवंबर को विशेष शिविर भी आयोजित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त ऑनलाईन माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन पंजीकरण, संशोधन व नाम विलोपन हेतु फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। आवेदक स्वयं भी अपने मोबाईल में प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड कर जानकारी एवं सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही के दौरान संबंधित मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर देखें और मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य पंजीकृत कराएं।

# स्काउट गाइड का तृतीय सोपान जॉच शिविर गढ़फूलझर में सम्पन्न

## जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर सहित पदाधिकारी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव,राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त टी. के. एस परिहार के सफल मार्गदर्शन व जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, जिला आयुक्त मोहन राव सावंत पदेन जिला शिक्षा अधिकारी व जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष कुमार साहू के आदेशानुसार विकासखंड बसना में तृतीय सोपान शिविर समापन कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद, अध्यक्षता डॉ.एन.के. अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि शीत गुप्ता अध्यक्ष विकासखंड स्थानीय संघ बसना एवं विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, माधव साव, उपाध्यक्षगण विकास वाधवा, कामेश बंजारा, मोहित पटेल, डॉ.अरुणा अग्रवाल, लोचना गजेन्द्र, सुशीला मलिक सरपंच गढ़फुलझर, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांड़े, डॉ.पूर्णानंद मिश्रा बी आर सी बसना, उग्रसेन पटेल प्राचार्य, किशोर ओगरे प्राचार्य, सीडी बघेल, शुकदेव वैष्णव मुख्य रूप



से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया। स्काउट गाइड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा, राउत नाचा, कर्मा, ददरिया, साहसिक गतिविधि में प्राथमिक उपचार एवं प्रहसन प्रस्तुति दिया गया। शिविर संचालक गिरीश पाढ़ी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि रुपकुमारी नें बताया कि बेटी हमारे हर जगह मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। एक समय था बेटी से ज्यादा बेटा होने पर मिठाई पटाखे फोड़े जाते थे। आगे उन्होंने कहा कि सभी आत्मनिर्भर बन समाज में अपना स्थान बना सकते हैं। अच्छे चरित्र का निर्माण कर विषम परिस्थितियों से लड़कर मजबूती से आगे बढ़ने के लिए शिविरार्थियों, स्काउटर्स, गाइडर्स एवं उपस्थित नागरिकों को कहा। अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के पदाधिकारी डॉ.एन.के. अग्रवाल ने स्काउट के नियम, प्रतीज्ञा, सेवा कार्य एवं उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि स्काउटिंग व्यक्तिगत विकास के लिए एक बेहतरीन मंच है जो हमें आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता ने शिविर संचालक, सहायक शिविर संचालक, प्रशिक्षक दल, स्काउटर्स, गाइडर्स, प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सहभागिता हेतु धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए दौड़ना होगा। स्काउट, गाइड बच्चों को आत्मनिर्भर होकर अनुशासन में रहने का सीख देता है। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के विकासखंड के सभी स्काउटर 187, गाइडर 280 एवं प्रभारी 23 प्रशिक्षक मंडल 19, सर्विस रोवर 13 कुल 522 शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनायें दिये है। कार्यक्रम में महती योगदान कुसुम कोटक गाइड शिविर संचालक, विकासखंड सचिव डॉ.विवेकानंद दास, सहसचिव गजानंद भोई, स्काउटर पुनीत राम डड़सेना, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह साव, सहकोषाध्यक्ष वारिश कुमार, जिला स्काउट्स प्रतिनिधि गिरीश गजेन्द्र, प्रेमचन्द साव, प्रशिक्षक दल में से डीजेन्द्र कुर्रे, शंकर सिंह सिदार, टेकलाल पटेल, हरिराम साव, गोकुल नायक, रमाकांति दास, सविता सुमन, उर्वशी नेताम, उर्मिला मिश्रा, ईश्वरी पोर्रे, अन्नपूर्णा बुड़ेक, नीलम कुमार, हीराधर साव, लक्ष्मण कुमार पटेल सभी स्काउटर, गाइडर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तृतीय सोपान जॉच शिविर का सफल समापन हुआ।

# खाद्य समाग्री में मिलावट की हुई पुष्टि, जिले के 15 प्रकरणों में विभिन्न दुकानदारों को 3 लाख 99 हजार रूपये का लगाया गया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा 1 सितंबर 2024 से लेकर अभी तक कल 20 विधिक मोतीचूर लडडू, बूंदी लडडू, वनस्पति घी, आटा, खाद्य तेल, बिरयानी राइस, पनीर, चना दाल, सूजी, फरसान फ्लोर, गुड, मिनी पेड़ा, कुंडा मिठाई, कलाकंद, मैदा, केक बेस इत्यादि विधिक नमूने लिए गए है। इसके साथ ही 24 सर्विलेंस एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा 263 नमूने जांच किया गया। मौके पर पाए जाने वाले अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थो को नष्ट किया गया।

त्योहारी।सीजन सीजन को ध्यान में रखते हुए जांच दौरान जिले के लगभग सभी ब्लॉक के कस्बों में जांच की गई है। न्याय निर्णयन अधिकारी अपर कलेक्टर जिला बलौदा बाजार के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। 1 जुलाई 2024 से अभी तक के और प्रकरणों में अवमानक एवं मिथ्या छाप कुल 15 प्रकरणों में लगभग 3 लाख 99 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

मिथ्या छाप आइस कैंडी हेतु महावीर किराना अर्जुनी 22 हजार रूपये, मिथ्याछाप चावल हेतु दिनेश किराना बलौदाबाजार 20 हजार रूपये, अमानक पान मसाला हेतु जगदीश सेल्स बलौदाबाजार 35 हजार रूपये, मिथ्या छाप मुखवास हेतु रिटेलर अमित पान मसाला गिधौरी 7 हजार रूपये और अभिषेक एजेंसी शिवरीनारायण को 50 हजार, अमानक मिर्ची हेतु कमलेश किराना बलौदाबाजार 15 हजार रूपये, अमानक पेड़ा हेतु सत्यम होटल कटगी 15 हजार रूपये, अमानकचाय पत्ती हेतु राम किराना 15 हजार रूपये मिथ्या छाप आटा हेतु विनिर्माता एवं विक्रेता कमल किराना पलारी 20 हजार एवं जगदम्बा एग्रो खरोरा 50 हजार रूपये,अमानक मंचूरियन ग्रेवी हेतु संजय राव रेस्टोरेंट भाटापारा 25 हजार रूपये, अमानक चिकन बिरयानी हेतु केजीएन बिरयानी बलौदाबाजार 15 हजार रूपये,अमानक दाल हेतु राजेश दाल जुनवानी 25 हजार,अमानक बर्फी हेतु कृष्णा जोधपुर स्वीट्स बलौदा बाजार को 15 हजार रूपये, अमानक आटा हेतु उत्तम किराना हथबंद 45 हजार रूपये, अमानक पप्पू आइसक्रीम कैंडी हेतु शेखर भाई कोल्डड्रिंक कटगी को 25 हजार रूपये का पेनाल्टी अधिरोपित किया गया है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने दी हैं।

# विधि विभाग व्दारा साइबर अपराध की रोकथाम पर संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद, डॉ सपना ताम्रकार, पंकज जैन, कोमल प्रसाद, डॉ. प्रेमनाथ भारती एवं गायत्री लहरे के मार्गदर्शन में विधि विभाग व्दारा दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को साइबर अपराध की रोकथाम वर्तमान समय की आवश्यकता विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य गीत अरपा पैरी के धार के साथ किया गया। जिसकी प्रस्तुति विधि छात्रा सरस्वती किरण सिन्हा एवं पूजा गंजीर के व्दारा दी गई। मंच संचालन विधि भाग तीन की छात्रा ज्योति सोनी के व्दारा किया गया। विधि के भाग तीन के छात्र पीयूष प्रभात ने साइबर अपराध के अर्थ प्रकार साइबर सेल, हेल्पलाईन नबंर की विस्तार से जानकारी प्रदान की। ज्योति सोनी ने साइबर क्राईम के प्रति सजग रहने की संदेश दिया। मीनू



ने साइबर क्राइम को रोकने हेतु विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए ऑनलाईन साइबर क्राइम को विस्तार से बताया। धनेन्द्र साहू ने वर्तमान समय साइबर के दुरूपयोग के जरिए साइबर क्राइम को समझाया। टिकेश्वरी ने साइबर क्राइम से बचने हेतु ऑनलाईन शॉपिंग, कार्यस्थल इत्यादि सभी जगह सजग रहते हुए साइबर क्राइम से बचने हेतु जागरूक किया। पल्लवी जायसवाल ने साइबर क्राइम के कारण फेसबुक, ट्विटर, व्हाटसएप के माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम, साइबर क्राइम के तात्कालिक केसो की जानकारी, सबसे ज्यादा साइबर क्राइम वाले देशों की जानकारी देते हुए इनके रोकथाम के उपायों की जानकारी प्रदान की। सुमित ने साइबर अपराध से बचने हेतु आपनी निर्भीक जानकारी शेयर न करने की संदेश किया हितेश कुमार ने फेक आईडी, ओटीपी के प्रति सजग रहने की बात कही। सरस्वती ने अंजान फोन काल एवं लिंक की सावधान रहकर साइबर क्राइम से बचने हेतु जागरूकता किया। ट्विंकल साहू ने साइबर क्राइम का अर्थ साइबर क्राइम के तरीके व बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। घनश्याम ने साइबर क्राइम को आधुनिक समय का सबसे बड़ा अपराध बताया जो कि आईटी एक्ट की धारा 66 अ के तहत अपराध है। अशलील विडियों भेजना भी क्राइम एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध है। यशोदा गंजीर ने इलेक्ट्रानिक डिवाईस के माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए साइबर क्राइम से हमेशा जागरूक रहने का संदेश दिया।

# बलरामपुर घटना को लेकर कांग्रेसियों ने खडे किये कई सवाल

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत तथा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियो ने रविवार शाम गांधी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उपरोक्त घटना पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, हर्षद मेहता, लेखराम साहू, प्रत्याशी कुरुद विधानसभा तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण आकाश गोलछा, घनश्याम साहू, कैलाश प्रजापति, अखिलेश दुबे, भूषण साहू, डीहूराम साहू, आशीष शर्मा, राजू साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष घामेश्वरी साहू, शास्त्री सोनवानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र




सोनवानी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल जिलाध्यक्ष होरीलाल साहू ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कई तथ्य रखे जिसमे बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरूचरण मंडल की मौत हो गयी। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरूचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है। सारे तथ्य बताते है बलरामपुर में युवक गुरूचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। मृतक जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरुचरण मंडल को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा 4 दिनों से उसे थाने में हिरासत में रखा था। पिछले 20 दिनों से उनकी बहू लापता है और अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में है। पुलिस ने उनको बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से उन्होंने अपने बेटे को खो दिया। कांग्रेस ने सवाल किया है कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरुचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया। 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया। मृतक के पास टॉवेल तौलिया कहां से आया जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी। मृतक के शरीर का पंचनाम परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया। मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस जलाना क्यों चाहती थी। हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया।

## सी सी रोड निर्माण का सरला कोसरिया ने किया भूमिपूजन



**सरायपाली।** विधानसभा के भाजपा मंडल केदुवां के ग्राम पोटापारा में 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सी सी रोड़ निर्माण कार्य का सरला कोसरिया व कार्यकर्ताओं के साथ भूमिपूजन, ग्राम आंवलाचक्का में किया गया। साथ ही हाई मास्क लाइट एवं बोर बेल्स के लोकार्पण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस हाई मास्क लाइट 5 लाख की लागत। बोल्वेल्स 1 लाख 20 हजार रुपये की लागत से बना है जिसका लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केंदूवां मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, जनपद सदस्य जयंती पटेल, ग्राम पटेल सुखीराम बरिहा, सुरोतिलाल लकड़ा, हेतकुमार चौहान, जयप्रकाश चौधरी, बाबूलाल पटेल, महारथी चौहान, झलकेश चंद्रवंशी, नेतराम सिदार, सरपंच मोहरसाय यादव, गौरीशंकर पटेल आदि अनेक भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## माता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती पर सशिमं में व्याख्यान माला आयोजित

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल आमा तालाब धमतरी में 23 अक्टूबर को पुण्य



श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रि-शताब्दी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला आयोजित हुई जिसमें पुण्य श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रि-शताब्दी समारोह आयोजन समिति जिला धमतरी के अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, सचिव चेतना रणसिंह, धमतरी नगर अध्यक्ष लीना भारती सिन्हा, सचिव योगिता कंवर, मीडिया प्रभारी नीलेश राजा, राकेश जाधव एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के प्राचार्य महेश कुमार सपहा व समस्त आचार्यगण एवं स्कूल के समस्त छात्रों की उपस्थिति में व्याख्यान माला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता महेश कुमार शर्मा एवं लीना भारती सिन्हा द्वारा पुण्य श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर के द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों का विस्तृत वर्णन किया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य ने आभार प्रदर्शन किया।

## स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थी प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा समय सारणी जारी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी को परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित वाले बीए/बीएससी/बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी प्राईवेट विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी महाविद्यालय व्दारा घोषित कर दी गयी है। महाविद्यालय व्दारा घोषित समय सारणी के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा दिनांक 04.11.2024 से प्रारंभ होकर 09.11.2024 तक चलेगी। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं 05.11.2024 से प्रारंभ होकर 08.11.2024 तक चलेगी। इस प्रकार बीएससी प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं 05.11.2024 से 08.11.2024 तक चलेगी। स्वाध्यायी प्राईवेट विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त स्वाध्यायी प्राईवेट विद्यार्थी महाविद्यालय व्दारा जारी परिचय पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समयावधि में महाविद्यालय में उपस्थित रहें। प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वाध्यायी प्राईवेट विद्यार्थी की होगी। विस्तृत जानकारी के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाईट एवं व्हाटसएप ग्रुप का अवलोकन करें।

## 12 दिवसीय क्रिकेट मैच में फाइनल जंगलबेड़ा ने जीता प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जंगलबेड़ा में आयोजित ड्युज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में जंगलबेड़ा की टीम शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल जीता। फाइनल मुकाबला जंगलबेड़ा और कलेंडा के मध्य खेला गया जिसमें जंगलबेड़ा की टीम विजयी रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच रामलाल विशाल तथा अध्यक्षता कलेंडा सरपंच प्रतिनिधि मिनकेतन पटेल थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू मंचासीन थे। 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी 24 टीमों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गयी थी। मैदान में शानदार मंच निर्माण करने के लिए सभी सहयोगियों को अतिथियों के द्वारा धन्यवाद दिया गया। जबकि उद्घाटन समारोह में अतिथि के रुप में पूर्व खिलाड़ी उज्ज्वल भोई सहित कई पूर्व खिलाड़ी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए नरेंद्र नायक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जीतु बेहरा, बल्लेबाज विजय, कीपर मानस सेठ तथा फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच तुलसी प्रधान रहे। समापन अवसर पर पीसीएस सचिव चुड़ामणि साहू, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जगत, संयुक्त सचिव देवदत्त बारीक, नीरदास मानिकपुरी, राकेश साहू, गिरजा शंकर स्वर्णकार, कि रोटी स्वाई, खितीपति साहू, उद्धव नंद जंगलबेड़ा आयोजन समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

## दशहरा मैदान ग्राउंड में अस्थाई पटाखा दुकानें लगती हैं




**बलौदाबाजार।** दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखा व्यवसायियों को रोजगार देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दशहरा मैदान ग्राउंड में अस्थाई पटाखा दुकानें लगती हैं। पटाखा दुकानों को लाइसेंस जारी करने के साथ ही साथ सुरक्षा के भी कड़े उपाय अपनाने के निर्देश हैं, लेकिन निर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं हो रहा है। पटाखा दुकान लगाने के पूर्व प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गया था, साथ ही पटाखा दुकानों के लिए टीन के शेड लगाने के निर्देश जारी किए थे, ताकि आगजनी की घटना में कुछ हद तक राहत मिल सके, लेकिन यहां पर कपड़े व वाटर प्रूफ शेड से दुकानों को कवर किया गया है। इसी तरह दुकानों के बीच भी पर्याप्त दूरी का अभाव है। जानकारी के अनुसार पटाखा व्यवसाय के लिए यहां 55 दुकानें आवंटित की गई है।

# पाटसेन्द्री में अघरिया समाज के महासभा को लेकर कामता पटेल ने रखी बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय अघरिया समाज परिक्षेत्र पाटसेन्द्री के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कामता पटेल के नेतृत्व में आगामी दिनों सिंघोंड़ा मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले केंद्रीय समिति के महासभा को लेकर बैठक रखी गई और कई मुद्दों पर चर्चा की गई। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कामता पटेल ने बताया कि पहली बार सरायपाली अंचल में केंद्रीय महासभा का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए तैयारी हर परिक्षेत्र में जोर-शोर से की जा रही है। महासभा को सफल बनाने व बड़ी संख्या में लोगों को महासभा में जुटाने, कार्यक्रम आयोजित करने व कार्यक्रम को सफल बनाने सामाजिक बंधुओ से नगद राशि व दान के रूप में चावल इकट्ठा करने अपील की जा रही है, सभी परिक्षेत्र के सामाजिक बंधुओं, पदाधिकारियों के सहयोग से महासभा को सफल बनाने पदाधिकारियों से राय ली जा रही है। इस अवसर पर संरक्षक त्रिलोचन पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष लव कुमार पटेल, अंचल प्रभारी विश्वनाथ नायक, पाटसेन्द्री परिक्षेत्र उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सचिव जयलाल पटेल, दुर्योधन पटेल, शिव पटेल, कृपासिंधु पटेल, पदुमलाल पटेल, धनेश पटेल, टिकनु पटेल, गिरिजा पटेल, लक्ष्मण पटेल, प्रकाश पटेल, चिंतामणी पटेल, शिशुपाल पटेल, डेहरीलाल पटेल, सुनील पटेल आदि उपस्थित थे।

# गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा युवक-युवति परिचय सम्मेलन आयोजित

## मनपसंद वर/वधु चुनने भारी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com






गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गोंड समाज का युवक/युवती परिचय सम्मेलन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के युवाओं की उपस्थिति में वृंदावन हॉल रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के संरक्षक मंडल के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार फग्गन सिंह कुलस्ते, अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, विशिष्ट अतिथि शिशुपाल शोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, खामसिंह मांझी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, लोकेंद्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा, कांति नाग राष्ट्रीय महासचिव गोंडवाना गोंड महासभा महिला प्रभाग, विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़, हिम्मत सिंह आरमो राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, बी पी एस नेताम संरक्षक महासभा, फूलसिंह नेताम प्रदेश कोषाध्यक्ष, गजानंद धुर्वे अध्यक्ष नागपुर, बसंता ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग, चेमसिंह मरकाम प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महासभा के महासचिव आर एन ध्रुव द्वारा की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज में वैवाहिक लेनदेन एक जिला से दूसरे जिला, एक राज्य से दूसरे राज्य में हो। उन्होंने अपना अनुभव बताया कि जब उनकी शादी हुई तो वह बेरोजगार थे और उनकी शिक्षक थी। इसलिए बराबरी वाले रिश्तेदारी के चक्कर में अच्छा अवसर को नहीं खोना है। खामसिंह मांझी ने कहा कि समय के साथ ध्रुव गोंड, अमात गोंड, बस्तरिया गोंड, सरगुजिहा गोंड सहित अन्य गोड समाज में वैवाहिक लेनदेन के रास्ते खोलने होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष टेकाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक/युवतियों को एक मंच में लाकर समाज का समय एवं पैसो की बचत करना है। उन्होंने कहा कि महासभा गोंडी भाषा, साहित्य और समाज के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व महासचिव बी आर ध्रुव रायपुर, बलदाऊ सिंह ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष, संभागीय संयोजक आर सी ध्रुव, मानसिंह ध्रुव रायपुर, अकत राम ध्रुव, एन आर ध्रुव मुंगेली, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार मरकाम, जीवराखन लाल उसारे, एन के ठाकुर दुर्ग, हेमन्त पडोटी, के एस परते बेमेतरा, मूरित मंडावी, एच आर ध्रुव, महेश ध्रुव महासमुंद, टामेश्वर ठाकुर धमतरी, अश्वनी सिदार कोरबा, आर पी नेताम कांकेर, देवसिंह मार्को बिलासपुर देवन धुर्वे कबीरधाम, एल एस ध्रुव जगदलपुर, प्रवीण मरकाम कोंडागांव उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स में फैशन शो और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



बच्चों की शिक्षा में पालकों की सहभागिता एवं रंगोली कला को प्रोत्साहित करने हेतु संस्था के चेयरमैन डॉ ए.एफ.पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ग्रेस पिंटो के निर्देशन में स्कूल में फैशन शो एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि फैशन शो प्रतियोगिता डॉटर लाइक मदर और सन लाइक फादर थीम पर आधारित थी। इस प्रतियोगिता में 30 से अधिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिए। नन्हे मुन्ने बच्चो ने अपने मम्मी पापा के साथ समान वेशभूषा में भाग लिया। उनकी वेशभूषा भारतीय संस्कृति की भिन्नता में एकता को प्रदर्शित कर रही थी। पालक और बच्चे फैशन शो में अपनी बारी के दौरान अपने विशेष हुनर का भी प्रयोग करते हुए नजर आए। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में रखी गई थी। पहले वर्ग में मोंटेसरी वन से कक्षा तीसरी थी और दूसरे वर्ग में कक्षा चौथी से छंटवी तक थी। यह प्रतियोगिता बालिका और मां तथा बालक और पिता वर्ग में भी रखी गई थी। इस पहले वर्ग में बालक वर्ग में मोंटेसरी टू से आयांश कुर्रे प्रथम, मोंटसरी वन से अनघ सिंह वर्शनेय द्वितीय तथा मोंटेसरी वन से ही इवांश तृतीय स्थान प्राप्त किए। बालिका ग्रुप से कक्षा तीसरी से उनाइशा अंदानी प्रथम, अनाया साहू द्वितीय एवं विधा सिन्हा तृतीय स्थान पर रहे। दूसरे ग्रुप में बालक वर्ग में कक्षा चौथी से अग्रणय सिंह चंदेल प्रथम एवं कक्षा पांचवी से युवराज कश्यप द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका ग्रुप से धमशिका गजभीए कक्षा चौथी से प्रथम, कक्षा छठवीं से जसकीरत द्वितीय एवं कक्षा पांचवी से परिधि साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन दो समूह में किया गया जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक में भूमान्या श्रीदीवान ग्रुप (सेंट जेवियर्स) ने प्रथम, प्राची ग्रुप (विद्या कुंज मेमोरियल) ने द्वितीय तथा श्रेया ग्रुप (सेंट जेवियर्स)ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के ग्रुप में रुचिका ग्रुप(विद्या कुंज मेमोरियल) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति ग्रुप(सेंट जेवियर्स) द्वितीय तथा कल्पना ग्रुप ने (विद्या कुंज मेमोरियल) तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अंत में संस्था की प्राचार्या मृणालिनी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उनका उत्साहवर्धन करते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## जलवायु परिवर्तन

### प्रभावी रणनीति

**जलवायु परिवर्तन का खतरा** बढ़ने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की देश की रणनीति और मजबूत हुई है। समुद्री तूफान 'दाना' हाल ही में भारत के पूर्वी तट पर आया। इसके साथ ही भारी बरसात, तेज हवायें व ऊंची समुद्री लहरों ने प्रकोप ढाया। हालांकि, समुद्री तूफान के कारण ढांचागत संरचना को नुकसान हुआ तथा दैनिक जीवन में बाधा आई, पर आपदा प्रबंधन और दृढ़ प्रतिक्रिया करने में देश की प्रगति भी दिखाई पड़ी। सरकार के समन्वित प्रयासों, बेहतर शीघ्र चेतावनी प्रणालियों तथा सक्रिय उपायों ने समुद्री तूफान का प्रभाव कम करने में सहायता की। इससे बड़े पैमाने पर लोगों को हताहत होने से बचाया गया तथा सामान्य स्थिति जल्दी बहाल हुई। यह घटनाक्रम प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा प्रभावी ढंग से निपटने के भारत के प्रयासों की दिशा में एक और कदम है। समुद्री तूफान 'दाना' बंगाल की खाड़ी पर बना था और अपने अनुमानित रास्ते पर चलते हुए वह तट तक पहुंचने तक भयानक तूफान में बदल गया। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी तट पहले से ही समुद्री तूफानों का खतरा झेलने के आदी हो गए हैं और इस बार भी उनको अत्यधिक सावधान किया गया। भारत में समुद्री तूफान कोई नई बात नहीं हैं, वास्तव में देश शताब्दियों से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से निपट रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में समुद्री तूफान प्रबंधन में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण के कारण एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है।



आपदा प्रबंधन पर भारत का दृष्टिकोण पिछले सालों में विकसित हुआ है। भारतीय मौसम विभाग ने समुद्री तूफानों का मार्ग और उनकी तीव्रता का पूर्वानुमान लगाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उत्कृष्ट उपग्रह तकनीक, डॉपलर राडार व्यवस्था तथा गणितीय मौसम पूर्वानुमान माडलों का प्रयोग कर अब मौसम विभाग बहुत सटीक शीघ्र चेतावनियां जारी करता है। 'दाना' समुद्री तूफान के मामले में मौसम विभाग ने काफी समय पहले ही चेतावनियां जारी कर दी थीं जिससे राज्य सरकारों को बचाव के उपाय करने का मौका मिल गया। पिछले दशक में भारत ने अत्यधिक खतरे वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की क्षमता में व्यापक सुधार किया है। 'दाना' समुद्री तूफान से बचाने के लिए तटीय क्षेत्रों के लगभग 3,00,000 निवासियों को 'साइक्लोन शेल्टरों' में ले जाया गया। इनको आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में मजबूत किया गया है। भारत के बेहतर आपदा प्रबंधन का एक और महत्वपूर्ण आयाम सामुदायिक जागरूकता तथा सहभागिता पर जोर देना है। समुद्री तूफानों से निपटने की भारत की तैयारी रातोंरात नहीं हो गई है। पिछले समुद्री तूफानों के विनाशकारी प्रभाव से नीति-निर्माताओं ने सबक लिए हैं जिनमें 2013 में आया 'फालिन', 2019 में 'फानी' तथा 2020 में आया 'अंफान' शामिल हैं। 2013 में आए 'फालिन' ने समय पर लोगों के निकालने के बावजूद ओडिशा में भारी तबाही मचाई थी। इस अनुभव ने ज्यादा मजबूत ढांचागत संरचनायें तथा बेहतर शीघ्र चेतावनी व्यवस्थाओं के निर्माण में सहायता दी है। 2019 में 'फानी' के दौरान एक मिलियन से अधिक लोगों को समय पर हटाया गया जिससे भारी संख्या में लोगों का जीवन बचा। 2020 में 'अंफान' आने के समय सरकार की तैयारियां और बेहतर हो गई थीं। उसने प्रभवित क्षेत्रों में ज्यादा संसाधन लगाए तथा त्वरित निगरानी के लिए उत्कृष्ट तकनीकों का प्रयोग किया। सरकार के लगातार मजबूत होते इन प्रयासों तथा अतीत के समुद्री तूफानों के प्रबंधन में मिले सबकों से भावी तैयारियों को और प्रभावी बनाने की योजनाओं में समुचित योगदान मिला है।

# ब्रिक्स सम्मेलन : महत्वपूर्ण प्रगति

### इस सप्ताह आयोजित सम्मेलन वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वह पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देता है जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का मजाक उड़ा रहा है

**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के विदेश मंत्री की एससीओ परिषद की राष्ट्राध्यक्षों की 23वीं बैठक में इस्लामाबाद की ऐतिहासिक यात्रा के कुछ दिन बाद रूस के कज़ान में 'वैश्विक दक्षिण' का सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयोजन-ब्रिक्स सम्मेलन हुआ है। कज़ान पर 1552 में 'इवान द टेरेबल' ने विजय प्राप्त कर कज़ान खान वंश को समाप्त कर पूरब की ओर रूसी विस्तार की नीव डाली थी। स्थानीय तातार कहावत चेतावनी देती है कि 'यदि देवता कुछ देते हैं तो वे कुछ ले भी लेते हैं।' यह एक प्रकार से सौभाग्य और दुर्भाग्य के बीच नाजुक संतुलन प्रकट करती है तथा विनम्रता के साथ अपरिहार्य परिवर्तनों के लिए तैयार रहने का संदेश भी देती है।

इस सप्ताह आयोजित सम्मेलन वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि वह पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देता है जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का मजाक उड़ा रहा है तथा खासकर पश्चिम एशिया, फिलिस्तीन व लेबेनान में अराजकता का कारण बना है। इससे पूरी दुनिया के अभूतपूर्व टकराव और परेशानियों में घिरने का खतरा पैदा हो गया है। इस सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और नए सदस्य देशों के नेताओं के साथ अन्य प्रेक्षक भी शामिल थे। इस प्रकार यह सम्मेलन केवल राष्ट्रों के एकत्र होने से अधिक साहसी ढंग से वैश्विक दक्षिण की महत्वाकांक्षाओं और क्षमताओं को अभिव्यक्ति देता है। हालांकि, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा स्वास्थ्य कारणों से सम्मेलन में भाग नहीं ले सके, पर उनके समकक्षों ने अपनी बात प्रभावी ढंग से सामने रखी। उन्होंने शांति, सहयोग तथा परस्पर सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की, जबकि ये मूल्य पश्चिम द्वारा फैलाए विमर्श के एकदम विपरीत हैं।




इस अवसर पर यह स्पष्ट करना जरूरी है कि ब्रिक्स गठबंधन हमारे समय के महत्वपूर्ण मुद्दों-आर्थिक अस्थिरता के साथ पर्यावरणीय संकट से निपटने के साथ ही केवल पश्चिमी वर्चस्व के प्रति प्रतिक्रिया न होकर एक सक्रिय रणनीति है जिसका उद्देश्य समानता और सहयोग पर आधारित विश्व व्यवस्था को उचित स्वरूप देना है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा, 'असाधारण चुनौतियों का सामना करने वाली दुनिया में हमारे सहयोग को परस्पर सम्मान तथा साझा हितों पर केन्द्रित होना चाहिए। आज दुनिया हमारी ओर नेतृत्व के लिए देख रही है जो सीमाओं को पार कर शांति को बढ़ावा देता है।' चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जोर दिया, 'बहुध्रुवीय दुनिया की जटिलताओं से गुजरते हुए हमारी साझा जिम्मेदारी शांति, स्थिरता और विकास को प्रोत्साहित करना है। ब्रिक्स को विकासशील देशों की सहायता के स्तंभ की तरह खड़े होना और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी आवाज विश्व मंचों पर सुनी जाए।' यह गठबंधन विभिन्न राष्ट्रों द्वारा एक दूसरे से व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन का संकेत देता है तथा 'ज़ीरो सम गेम्स' से अलग हटते हुए ऐसे सहयोगी दृष्टिकोण की ओर बढ़ता है जो वैश्विक परिवर्तनों में परस्पर जुड़ाव की पहचान करता है। किशोर महबूबानी ने हाल ही में इस लेखक के साथ साक्षात्कार में संकेत किया कि हम सभी एक नाव में हैं।

यदि नाव डूबती है तो इस तर्क का कोई अर्थ नहीं होगा कि किसके पास ज्यादा बड़ा कैबिन है। इसके उलट पश्चिमी देश स्वयं को सैनिक रूप से मजबूत कर दुश्मनी वाला परिवेश तैयार कर रहे हैं और अक्सर अपने प्रचार से चीन और रूस को राक्षसों की तरह पेश करते हैं। उनकी कार्रवाइयां ऐसे घातक टकरावों को बढ़ावा देती हैं जो बाकी दुनिया को संकट में धकेल देंगी और वे दूसरों के दुर्भाग्य से मुनाफा कमाएंगे।

इस विकृत दृष्टिकोण में अक्सर वैश्विक दक्षिण के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संदर्भों की अनदेखी की जाती है और उनको व्यवहार के सबक दिए जाते हैं। हेनरी कीसिंजर ने एक बार कहा था, 'पश्चिम ने अपना विवेक खो दिया है। विपरीत स्थितियों में सोचने तथा तार्किक कार्य की क्षमता ही महाशक्ति की पहचान है।'

ब्रिक्स देश इस क्षमता का उदाहरण हैं जो रचनात्मक रूप से कजान घोषणा में सामने आई है। इसमें टकराव के बजाय सहयोग को प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रपति पुतिन ने सम्मेलन के दौरान जोर दिया है, 'हमारी सामूहिक शक्ति सैनिक शक्ति में नहीं, बल्कि साझा मूल्यों और परस्पर सम्मान के आधार पर गठबंधन बनाने में है। हमारे लिए यह समय पुराने विचारों को अस्वीकार करने का है जिन्होंने लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को परिभाषित किया है।'

सम्मेलन में जारी यह घोषणा दक्षिण-दक्षिण सहयोग का सशक्त घोषणापत्र है। इसमें रेखांकित किया गया है कि राष्ट्रों की सच्ची शक्ति ऐतिहासिक रूप से साम्राज्यवादी शक्तियों की विभाजनकारी रणनीतियों के सामने झुकने के बजाय परस्पर लाभ के लिए एकजुट होने की उनकी क्षमता में निहित है। ब्रिक्स नेताओं ने आर्थिक सहयोग, पर्यावरण के टिकाऊपन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा की। इस प्रकार उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता ऐसी दुनिया के लिए प्रकट की जहां छुद्र राजनीतिक स्वार्थों के लिए ऐतिहासिक शिकायतों को वरीयता देने के बजाय विश्व शांति को प्रमुखता दी जाए। यह युद्धोन्माद के बजाय उन देशों का प्रतिनिधित्व करता है जो ऐतिहासिक रूप से सभी नागरिकों के लिए गरिमा और परस्पर सम्मान प्राप्त करना चाहते हैं। यह प्रतिबद्धता पश्चिम की उस गलत धारणा के एकदम विपरीत है जो सैनिक हस्तक्षेपों और आर्थिक दबाव से अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहता है। वह बेशर्मी के साथ क्यूबा जैसे छोटे देशों पर प्रतिबंध थोपता है तथा फिलिस्तीन और लेबेनान में निहत्थे नागरिकों के नरसंहार पर अपनी आंखें बंद कर लेता है।

इसके बावजूद वह उपदेश देता है कि लोकतंत्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों की कैसे रक्षा की जाए। इस संकट भरे समय में जहां पश्चिम अक्सर मानवीय संकटों को सैनिक हस्तक्षेप का बहाना बना लेता है, ब्रिक्स एक सैद्धान्तिक दृष्टिकोण की पैरवी करता है जिसमें संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी जाती है। शांति स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता एक गहरी समझदारी की अभिव्यक्ति है कि सच्ची सुरक्षा सैनिक शक्ति से नहीं, बल्कि सम्मान और समानता पर आधारित सच्चे संबंधों के आधार पर हो सकती है। यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कार्य का आह्वान करता है जहां ब्रिक्स देश अतीत की शिकायतों को पीछे छोड़ कर एक दूसरे की शक्ति पहचान कर साझा भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करें। ऐतिहासिक सबक हमें चेतावनी देते हैं कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अविश्वास को बढ़ने की अनुमति देने के बजाय वास्तविक शांति का जन्म परस्पर समझदारी तथा सहयोग से ही संभव है।

ब्रिक्स सम्मेलन वर्तमान समय में व्याप्त भय और विभाजन के विमर्श को चुनौती देता है। यह वैश्विक चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन तथा आर्थिक अस्थिरता से तत्काल निपटने की आवश्यकता रेखांकित करता है। इससे वैश्विक दक्षिण का सक्रिय दृष्टिकोण स्पष्ट होता है कि वह सहयोग तथा साझा प्रगति के आधार पर भविष्य की नीव डाल रहा है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसी बेहतर दुनिया बनेगी जिसमें विशाल एशियाई देश-भारत और चीन एकसाथ आकर अविश्वास के ऐतिहासिक दाग मिटाने में सफल होंगे। इसके साथ ही वे भारत-पाकिस्तान के बीच शांति के और दरवाजे खोलेंगे तथा इन देशों के अतिवादियों के लिए ऐसा कोई स्थान नहीं छोड़ेंगे जिससे ये देश पश्चिम के मुहरे बन सकें। ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल वैश्विक दक्षिण के देशों तथा अन्य विकासशील देशों को सोचना चाहिए कि क्या हमें दुनिया के विकसित और प्रभुत्वशाली देशों ने कितना पीछे धकेला है तथा आपस में संघर्ष के लिए मजबूर किया है। वैश्विक दक्षिण के देशों को वर्तमान समय में यह भी सोचना होगा कि क्या अब परस्पर सम्मान, समानता तथा साझा समृद्धि के लिए हमें एकजुट होने का अवसर नहीं आ गया है?

रूस के कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन तथा उसमें स्वीकृत 'कज़ान घोषणा' सभी देशों को इसका अवसर प्रदान करती है।

# माटी की महिमा दर्शाता माटी का दिया

**सतयुग** से दीपपर्व मनाने की परम्परा आरंभ हुई थी, वह सतत चली आ रही है। कार्तिक माह के पांच दिवसीय महापर्व में क्रमशः धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज का त्योहार शामिल है। इस पर्व के दौरान मिट्टी से निर्मित दिया जलाने की प्राचीनतम प्रथा प्रचलित है।कार्तिक अमावस्या की रात सर्वाधिक मात्रा में प्रज्जवलित मिट्टी का छोटा सा दिया मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का बड़ा संदेश देता है।यह सर्वविदित है कि मिट्टी से निर्मित वस्तुओं का जन्मजात नाता मनुष्य से जुड़ा होता है।अत्याधुनिक युग आने के बावजूद मिट्टी से निर्मित सुराही के पानी का स्वाद मंहगे फ्रिज का ठंडा पानी नहीं दे पाता।

ग्रीष्म काल के आते ही जैसे मिट्टी से निर्मित मटके की मांग बढ़ जाती है। उसी तरह दीपावली पर्व में मिट्टी के दीये की पूछ परख बढ़ जाती है। इसके बिना दीपावली मनाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।विविध किस्म के रंग-बिरंगे बिजली चलित झालर और खूबसूरत आकार लिए मोमबत्ती बाजार में उपलब्ध हैं,पर मिट्टी के दीये के बिना इस पर्व की दशा बिन पानी की नदिया जैसी होगी। बालपन की बातें याद आती हैं, जब दशहरा दिवाली की छुट्टी होती थी तो एक दिन गंवाए बिना ननिहाल के लिए रवाना हो जाते थे। वहां घरों की साफ सफाई, लिपाई पुताई में हम जुट जाते थे। नानी जी मिट्टी के दिये खरीद कर उन्हें पानी में डूबा कर रख देती थीं। वे बताती थी कि दिया अधिक पानी सोख लेगा तो तेल कम सोखेगा।आज उनकी बातें ज्यादा अच्छे ढंग से समझ में आती हैं।

वे यह भी कहती थीं कि दूसरों के जीवन को प्रकाशित करने वाले दिया तले अंधेरा ही होता है, किन्तु इससे व्यथित हुए बिना वह अपने जीवन के उद्देश्य को पूरा करने में तल्लीन रहता है। परोपकार की सीख को संचारित करता हुआ दिया सतत दूसरों के लिए जलता है। इंसानों की तरह वह दूसरों से नहीं जलता है। मनुष्य के भीतर सब कुछ बटोर लेने की बढ़ती लिप्सा के बीच बटोरने के बजाय बांटने की सीख नन्हा दिया देता है।

दीवाली को कुम्हारों के गर्व, प्रतिभा और प्रतिष्ठा का पर्व भी कह सकते हैं।कुम्हारों की मिट्टी शिल्प कला का शानदार प्रदर्शन दिवाली की रात दीपमालिका बने दीये प्रदर्शित करते हैं। दीये बनाने की कारीगरी में दक्ष कुम्हारों का यह पुश्तैनी धंधा है। मिट्टी के दिए, सुराही, मटके, खिलौने, गमले बनाने के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाकर बाजार में बेचना ही उनके जीविकोपार्जन का प्रमुख आधार है।

सुखी मिट्टी को बारीक कूट-पीटकर उसे पानी में भिगोना,गुंथना और फ्रि उससे कोई भी वस्तु बना देना कुम्हारों के लिए खेल की तरह होता है।यद्यपि बदलते वक्त के साथ कुम्हार समुदाय की जिंदगी में भी भारी उलटफेर हुए हैं। बदलाव की बयार ने इनकी जिंदगी से मिट्टी शिल्प कला के रिश्ता को धीरे धीरे तोड़ना भी आरंभ कर दिया है। दरअसल अन्य सामग्रियों की तरह कुम्हारों के व्यवसाय में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों के दाम आसमान को छू रहे हैं। कोयला, भूसा, माटी, पानी की महगांई के साथ साथ आधुनिक बाजार के बने सस्ते सामानों ने इनके व्यवसाय को बुरी तरह से प्रभावित किया है।



पसीना बहाते, रात दिन मेहनत करके बनाए समानों की लागत को ग्राहकों से निकाल पाना इनके लिए बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है, फलस्वरूप अब कुम्हार समुदाय के बहुत से परिवारों ने माटी से नाता तोड़कर अन्य व्यवसाय से नाता जोड़ लिया है। कुम्हार समुदाय का मिट्टी के मोह से परे जाना एक गंभीर चिंता का विषय है। मिट्टी शिल्प कला से दूर होना पर्व, परंपरा, संस्कृति सहित पुश्तैनी धंधे को विलुप्त करने की राह पर ढकेलने जैसा घातक कदम है। साथ ही जड़ से जुड़ने के बजाय टूटने का भयावह संकेत है। मिट्टी का दिया मनुष्य को माटी और उसकी सोंधी सुगंध से जोड़ कर रखता है। जानबूझकर इससे अनजान बना इंसान आधुनिकता की आड़ में पुराने रीति-रिवाजों से दूर होता चला जा रहा है। गांव शहर में तब्दील हो रहे हैं। पवित्र मन का मालिक ग्रामीण भी अब स्वयं को शहरी चकाचौंध तड़क भड़क रंग में रंगकर झूठी शान की चादर ओढ़ने में गर्व का अनुभव कर रहा है। ऐसे संक्रमण काल में मिट्टी का दिया और बिजली चलित झालर के बीच हो रहे संवाद की याद सहज हो आती है,जो कि इस तरह है - दिवाली की रात मिट्टी के दिये और झालर में तू तू मैं मैं की बहस चल रही थी।झालर ने कहा- सुन रे दिया, नए जमाने में तेरी पूछ परख लगातार कम हो रही है। तेरा ठिकाना केवल गांव गरीब की झोपड़ी तक सिमट कर रह गया है। मेरी जगह महलों और गगनछूती इमारतों के बीच में है। यह सुनकर हल्की मुस्कान के साथ दिया ने कहा -हां वो तो ठीक है, पर पूजा की थाली में तुम्हें नहीं मुझे ही जगह मिलती है। झालर भाई ज्यादा घमंड मत करो। घमंडी- अहंकारी का सिर नीचे और पराजय सुनिश्चित है। हमारे विद्वानों का कहना है कि 'अंहकार'में तीन गए 'धन, वैभव और वंश, न मानो तो देख लो कौरव, रावण और कंस'। दिया की ऐसी बातों का मनन करते हुए यह भी नहीं भूलना चाहिए कि मिट्टी का एक दिया आंधी तूफान से जूझते हुए भी अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होता। घोर अंधकार को चीरते हुए वह बताता है - मानव निर्मित माटी का दिया सारी रात अंधेरे से लड़ता है। हे मानव, तू तो ईश्वर का बनाया हुआ है तू किस बात से डरता है।

**विजय मिश्रा 'अमित'**
पूर्वअति.महाप्रबंधक (जन), रायपुर

## आप की बात

### कांग्रेस पर संकट

**हरियाणा की हार** ने कांग्रेस का अहंकार समाप्त कर दिया है जो उसमें लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने पर पैदा हुआ था। इसका प्रमाण उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में उसका भाग नहीं लेना और सपा को पूर्ण समर्थन देना है। इसके साथ ही महाराष्ट्र की सीटों पर बराबरी के सिद्धांत पर 85-85 सीटों पर चुनाव लड़ने के निर्णय ने एक प्रकार से कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टी बनाकर रख दिया है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा कांग्रेस से ही अलग होकर बनी थी, पर अब स्वयं कांग्रेस उसे अपना बड़ा भाई मानने को तैयार लगती है। कांग्रेस की कमजोरी के कारण इंडिया गठबंधनके घटक दल बिना सामूहिक विचार-विमर्श के अपने मन से उम्मीदवारों की घोषणा कर रहे हैं और कांग्रेस खुलकर इनका विरोध भी नहीं कर पा रही है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इंडिया गठबंधन बिखरते देर नहीं लगेगी क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस पर सबसे बड़ा संकट 2014 में आया था जब उसके केवल 44 सांसद चुने गए थे। हालांकि, 2019 और 2024 में सत्ता से दूर रहने के बावजूद वह अपने सांसदों की संख्या सैकड़े की सीमा तक पहुंचाने में सफल हुई। लेकिन कांग्रेस पर वर्तमान संकट भी पहले की तुलना में कम गंभीर नहीं है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### भारतीय राजनय की विजय

**ब्रिक्स** देशों के सम्मेलन में भारत एक सशक्त देश के रूप में उभरा है। अब चीन को भी भारत की ताकत का पता चल गया है और उसे भी वर्ष 2020 के बाद सीमा पर शांति स्थापित करने के लिए झुकना पड़ा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच अपने क्षेत्रों में गश्त लगाने के लिए समझौता हुआ है अब सीमा विवाद को निपटाने के लिए दोनों देश के विशेष प्रतिनिधि बैठक करेंगे जिनका निर्धारण भी हो गया है। चीनी सैनिकों ने डेपसांग और डेमचोक से पीछे हटना शुरू कर दिया है। यह भारतीय राजनय तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विजय है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अच्छी तरह समझ में आ गया है कि आर्थिक व सैनिक शक्ति के रूप में उभरते भारत से टकराव उनके हित में नहीं है। 2020 में सीमा पर हुई झड़प 1962 में चीनी हमले के बाद सर्वाधिक गंभीर थी जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इसके बाद भारत ने न केवल अपनी सैनिक शक्ति में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी की, बल्कि सीमा पर ढांचागत निर्माण को भी लगभग चीन जैसा बना दिया। पांच साल बाद मोदी-शी औपचारिक मुलाकात भी भारतीय राजनय की विजय है जिसे और विस्तार दिया जाना चाहिए।

**- भगवानदास छारिया**, इंदौर

### उमर अब्दुल्ला का बयान

**भारत** के मजबूत लोकतंत्र की खूबसूरती है कि जब भी भारत पर आंच आती है तो भारत के नेता, अभिनेता और राजनेता एक स्वर में भारत-विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देते हैं। इसका ताजा प्रमाण है जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर कभी पाकिस्तान नहीं बन सकता। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की शह पर हो रही आतंकी घटनाओं पर जोरदार प्रहार किया है। भारत के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के पाकिस्तान के प्रति दृष्टिकोण के अनुरूप बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकी घटनायें जारी रखेगा तब तक उसके साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की देश के गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि अब नेशनल कान्फ्रेंस सरकार केंद्र के साथ टकराव के बजाय आपसी सहमति, सहयोग और भारत के प्रति अडिग प्रतिबद्धता के आधार पर काम करेगी। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के ऐसे बयानों का स्वागत किया जाना चाहिए। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा भी किया है, अतः इसे मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### मोदी-शी मुलाकात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात और विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा को लेकर देश भर में यह आशा बंधी है कि इन दोनों राष्ट्रों से चल रह रहे मतभेदों पर बातचीत की शुरुआत हो सकती है। चीन द्वारा 2020 के पूर्व वाली स्थिति तक लौटने की बात पर अभी भी शंशय बरकरार है क्योंकि चीन का अब तक का रिकॉर्ड अपने वादों को पूरा न करने का रहा है। शी जिनपिंग के विस्तारवादी इरादों पर दुनिया भर के देश लगातार संदेह करते रहते हैं। बदनीयती के साथ चीन अपनी सीमा से लगे पड़ोसी देशों की जमीन हड़पने का प्रयास लगातार करता रहता है। पाकिस्तान भी इस समय चीन की गोद में बैठकर उसके इशारों पर चल रहा है। ऐसे में भारत को चीन के साथ बातचीत जारी रखते हुए अपनी सामरिक तैयारी लगातार मजबूत करनी चाहिए। भारत को सीमा वार्ता के साथ ही द्विपक्षीय व्यापार पर भी बात करनी चाहिए क्योंकि चीन भारत का एक सबसे बड़ा आयातक देश है, लेकिन वह भारत से ज्यादा सामान नहीं खरीदता है।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

# सेल प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ खदानों में हुई जबरदस्त हड़ताल

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नियमित कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स सहित वेज रिवीजन के तमाम लंबित मुद्दों, बोनस पर प्रबंधन के एक तरफा फैसला के खिलाफ एवं ठेका मजदूर को समान काम के लिए समान वेतन नहीं दिए जाने के खिलाफ सेल स्तरीय हड़ताल में खदान के नियमित एवं ठेका कर्मचारियों ने बढ़कर हिस्सेदारी की। 28 अक्टूबर की सुबह 5 बजे से ही लौह अयस्क खान समूह राजहरा की समस्त खदानों में यूनियन एवं कर्मचारियों ने मोर्चा संभाल लिया।हालांकि खदान के सभी नियमित एवं ठेका कर्मचारी स्वमेव हड़ताल पर रहे। सभी खदानों में शत प्रतिशत हड़ताल रही एवं खदानों का उत्पादन पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारियों में इतना आक्रोश था की अत्यंत आवश्यक सेवाएं भी बंद कर दी गई। प्रबंधन के निवेदन के बाद द्वितीय पाली में वाटर सप्लाई बहाल हो पायी। इस बीच प्रबंधन ने यूनियनों की बैठक बुलाकर स्थानीय स्तर के मुद्दों को यथाशीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। फिर भी सेल स्तर के मुद्दों पर आक्रोशित यूनियन एवं श्रमिकों ने हड़ताल को जारी रखने का फैसला लिया। प्रथम एवं द्वितीय पाली में हड़ताल शत प्रतिशत सफल रही नाइट शिफ्ट में भी हड़ताल पूरी तरह सफल रहेगी। इस बीच एटक के सचिव कमलजीत सिंह मान ने कहा कि यदि प्रबंधन इस हड़ताल के बाद भी अपने रवैया में परिवर्तन नहीं करता तो आगे और बड़ा आंदोलन होने की पूरी संभावना है। सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा की सेल प्रबंधन को कर्मचारी और यूनियनों ने सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए पर्याप्त समय दिया लेकिन इसके बाद भी प्रबंधन ने कर्मचारी और यूनियनों को कमजोर समझा और अपने अडियल रवैया पर अडिग है, जिसके परिणाम स्वरूप यह हड़ताल हुई है। यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला गया तो आगे इससे और बड़ी हड़ताल होगी। इंटक के अभय सिंह ने कहा कि यह हड़ताल सेल प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ है। प्रबंधन मजदूरों के प्रति अपने सोच में जल्द बदलाव लाए अन्यथा औद्योगिक अशांति के लिए प्रबंधन जिम्मेदार रहेगा। बीएमएस के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि नियमित एवं ठेका दोनों ही प्रकार के श्रमिकों का शोषण सेल में लगातार हो रहा है यूनियनों ने पहले शांतिपूर्ण ढंग से मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन प्रबंधन की समझ में हड़ताल की भाषा ही आती है। छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष सोमनाथ उइके ने कहा कि दल्ली राजहरा की परंपरा अनुसार नियमित और ठेका मजदूर कंधे से कंधा मिलाकर हर आंदोलन को सफल बनाते हैं, इस बार भी इस परंपरा को कायम रखने में हम सफल रहे हैं। आशा है कि प्रबंधन की नींद जल्द टूटेगी। जन मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत रावटे ने कहा कि सेल प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रबंधन भी मजदूरों की समस्याओं को निराकरण करने में उदासीन रवैया अपना रहा है इसलिए आज की हड़ताल यह चेतावनी है कि सेल स्तर के साथ-साथ स्थानीय ठेका मजदूरों की समस्याओं पर भी प्रबंधन जल्द संज्ञान ले अन्यथा आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा। हड़ताल को सफल बनाने में एटक से राजेन्द्र बेहरा, तोरण लाल साहू, कुलदीप सिंह, इंटक से तिलक मानकर, तेजेन्दर, सीटू से जे गुरुवुलु, विनोद मिश्रा, सुजीत मुखर्जी, बीएमएस से लखन चौधरी, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ से सुरेंद्र साहू, शैलेश, राजाराम जन्म मुक्ति मोर्चा से विजय सिंह शिवाजी, संजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। सभी खदान कर्मियों ने संकल्प लिया कि यदि जल्द ही सेल प्रबंधन ने अपना रवैया बदलते हुए मजदूरों की लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो आगे हम और बड़े आंदोलन के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों का शिक्षिका ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला बेरला (सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम) में बैगलेस डे के अवसर पर कक्षा शिक्षिका प्रतिभा साहू ने तीसरी के शाला के उन बच्चों का सम्मान किया, जिन्होंने जून से सितंबर तक कक्षा में स्वयं से सीखने का प्रयास, पढ़ाई करने वाले बच्चे, स्वच्छता वाले बच्चे, कक्षा की सभी गतिविधि में स्वयं से सामने आकर भाग लेने वाले बच्चे, सुनकर, देखकर व अपने सहपाठी के साथ पढ़ने व सीखने का प्रयास करने वाले बच्चे, महीने में 100 त उपस्थिति वाले बच्चे, इन सभी का सम्मान कक्षा शिक्षिका प्रतिभा साहू ने अपने तरफ से बच्चों को दिया। जिससे बच्चों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति, स्वयं से सीखने के प्रति, स्वचछता के प्रति, सहपाठी के साथ सीखने व एक दूसरे में सहयोग भावना के प्रति, स्कूल आने के प्रति आत्मविश्वास बढ़े और बच्चे खुशी से प्रतिदिन स्कूल आए। इस प्रकार तीसरी के बच्चों के नाम जिन्होंने जून से सितंबर महीनों में सीखने का अच्छा प्रयास किया उनके नाम है। पढ़ाई में स्वयं से सीखकर पढ़ने वाले बच्चे श्रीयांश पुलकित शैल। स्वच्छता में आगे रहने वाले बच्चे श्रीयांश शैल भोला। कक्षा गतिविधि में हमेशा खुद से आगे आकर भाग लेने वाले बच्चे शैल भोला पुलकित श्रीयांश देखकर, सुनकर व अपने साथी के साथ पढ़ने व सीखने का प्रयास करने वाले बच्चे याशिका आकांक्षा शैल भोला। महीने में 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे पुलकित शैल श्रीयांश याशिका का सम्मान किया।

## कर्तव्य अवधि में मद्यपान करने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** दुर्ग संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत घनश्याम प्रसाद बेनर्जी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पण्डरिया जिला कबीरधाम को कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं कदाचार बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर कबीरधाम द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार घनश्याम प्रसाद बेनर्जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पण्डरिया जिला कबीरधाम ने ग्राम बाधामुड़ा विकासखण्ड पण्डरिया, जिला कबीरधाम में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में मद्यपान कर उपस्थित होकर शासन की छबि धूमिल किया है। घनश्याम प्रसाद द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 23 का पालन न कर कर्तव्य अवधि में मादक पेय शराब का सेवन कर अवचार किया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# विधायक दीपेश साहू कबड्डी प्रतियोगिता में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम बहेरा में समस्त ग्रामवासियो द्वारा पंथ हुजूर घृनध मुनि नाम साहेब की स्मृति मे आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात कब्बडी कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक और अभिन्न अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं, बल्कि खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों पर ध्यान देना चाहिए। साहू ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त आयोजक समिति और ग्रामवासियो को बधाई दिया। ग्रामवासियो की मांग पर विधायक साहू ने कहा की मै खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कमी होने नहीं दूंगा।

# माय भारत विथ दीवाली पर स्वच्छता का किया आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेड कवर्धा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा के तत्वधान में दीवाली विथ माय भारत के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन गुरूगोविंद चौक में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेद्श्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर अपने आस-पास सफाई करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में चेम्बर आफ कामर्स के सभी पदाधिकारी, संत कबीर कृषि महाविद्यालय कवर्धा के माय भारत वांलटियर्स ने बाजार स्थल पर साफ-सफाई किया। कार्यक्रम के बाद चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष आकाश आहूजा ने कार्यक्रम की सहारना करते हुए सभी से स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया।

# जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी बने सक्रिय सदस्य

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र व्यापी सदस्यता महाअभियान में एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी में नए सदस्य जोड़े जा रहे हैं,वहीं पुराने सदस्यों का भी संगठन में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करना है,भाजपा संगठन के निर्देशों के अनुरुप जिन प्रारंभिक सदस्यों ने अपने माध्यम से भाजपा संगठन में न्यूनतम 100 सदस्यों को जोड़ा है उन्हें सक्रिय सदस्यों की श्रेणी में रख कर उनके लिए 100 रुपये के रसीद के साथ पार्टी में सक्रिय सदस्य अपने अपने मंडल अध्यक्षो या संगठन के द्वारा नियत किये गए पदाधिकारियों के माध्यम से बनाया जाना है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य की रसीद काटकर, संगठन का सक्रिय सदस्य बनाया, प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा भाजपा का सक्रिय सदस्य बनना सौभाग्य की बात है,देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना महिलाओ के शसक्तीकरण की अभूतपूर्व योजना है, जिले में भारतीय जनता पार्टी के संगठन के मुखिया ओमप्रकाश जोशी के संगठन कौशल के चलते बेमेतरा की तीनों विधानसभा सीट भाजपा ने जीती है।

# दीपावली में कुम्हार एवं ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये पर नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार का कर नहीं वसूला जाएगा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दीपावली के शुभ अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में परंपरागत मिट्टी के दीयों के विक्रय को बढ़ावा देने हेतु विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में इस पर्व हेतु विक्रय हेतु लाया जाता है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, नगर पालिका अधिकारियों और सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि कुम्हार और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दीया विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका संपूर्ण ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में इन विक्रेताओं से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। इसके अलावा, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और दीयों से दीपावली को उज्जवल बनाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुम्हारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीयों के विक्रय के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराएं ताकि इन विक्रेताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर के इस निर्णय से जिले में मिट्टी के दीयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और स्थानीय कारीगरों का हौसला भी बढ़ेगा।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम चिरपोटी हर घर नल जल ग्राम घोषित

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com




ग्राम चिरपोटी दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। ग्राम चिरपोटी में जनसंख्या लगभग 1956 है, जिसमें कुल 450 परिवार है, लगभग 35 परिवार एसी, 55 परिवार एसटी एवं 360 परिवार ओबीसी है। ग्राम चिरपोटी में पेयजल की व्यवस्था के रूप में 15 हैंडपंप है जिसमें से सभी हैंडपंप संचालित है, परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हैंडपंप का जल स्तर निचे गिर जाने के कारण सूखे की स्तिथि उत्पन्न हो जाती थी। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हैंडपंप और कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता था। पेयजल समस्या निदान हेतु जल जीवन मिशन के तहत कार्य की शुरूवात पेयजल की समस्या के समाधान हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा कर कार्य की शुरूवात की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम चिरपोटी में सभी घरों को प्रधानमंत्री जी के इस योजना से जोड़ा गया। जल जीवन मिशन के आने के बाद हर घर नल से जल मिलने लगा। ग्रामवासी महिलाओं को इस योजना से मिल रही है राहत। ग्राम चिरपोटी दुर्ग विकासखंड का पहला गांव बना जिसमें जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हुआ और ग्राम चिरपोटी हर घर जल ग्राम घोषित हुआ। जल जीवन मिशन से महिलाओं का जीवन बदला, जल जीवन मिशन के आने से न केवल महिलाओं को राहत मिल रही है, उसके अलावा महिलाओं की छवि भी बदली है। महिलाए घर के साथ साथ समाज के कल्याण के लिए भी हाथ बटा रही है। जल जीवन मिशन से महिलाओं को पहचान मिल रहा है, वे जल वाहिनी के रूप में काम कर रही है, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण में भाग ले रही है। निम्रिति चौहान उम्र लगभग 34 वर्ष एवं उनकी सहेली ग्राम चिरपोटी में जल वाहिनी है, उनका कहना है कि वर्ष 2017 में वो जब शादी होकर आई तब ग्राम चिरपोटी में पानी की बहुत समस्या थी, घर में पानी की पूर्ति के लिए उन्हें दूर कुवें से पानी लाना पड़ता था। तब नयी जगह नए लोग में उन्हें बहुत कठिनाइयों से जल भरकर लाना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर में ही नल लगने से बहुत सहारा मिला है। इसी प्रकार कुलेश्वरी साहू उम्र लगभग 28 वर्ष ग्राम चिरपोटी की निवासी है। एक गर्भवती महिला के लिए दूर से पानी लेकर आना कितने मुश्किल की बात है, कुलेश्वरी बताती है इस अवस्था में उनका स्वास्थ्य खराब होने के वजह से उनका छोटा बेटा उनकी मदद करता था। उनका पूरा परिवार जल जीवन मिशन के आने से खुश है।

## धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों को धान खरीदी की प्राक्रियाओं और दिशा-निर्देशों की दी गई जानकारी

# कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर धान उर्पाजन के संबंध में बैठक, सहप्रशिक्षण का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर निर्भय साहू के नेतृत्व में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम और सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा ने धान खरीदी प्रभारियों को धान खरीदी के दौरान होने वाली प्रक्रियाओं और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी व प्रशिक्षण दी। प्रशिक्षण के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी अनिल वर्मा ने धान उपार्जन केन्द्रों में प्रारंभिक तैयारी के बारे में जानकारी दी उर्पाजन केन्द्रों के लिए स्थल चयन एवं साफ-सफाई, फेंसग, विद्युत व्यवस्था, प्रिंटर, यूपीएस, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता होनी चाहिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी के लिए पर्याप्त जगह, साफ-सफाई, फेंसिंग, चबूतरा, ड्रेनेज, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीव्ही, पेयजल व किसान विश्राम गृह की व्यवस्था कराने के साथ-साथ पर्याप्त तारपोलिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौसम को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केंद्रों में तारपोलिन की व्यवस्था कर ली जाए, किसानों के लिए शुद्ध पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ नमी मापक यंत्र, इंटरनेट सुविधा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी या दिक्क़त न हो, इसके लिए खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य, कॉल सेंटर, फायर ब्रिगेड, पुलिस थाना व कंट्रोल रूम के नंबर जरूरी रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी। धान खरीदी केन्द्रों में कृषक द्वारा स्वयं उपस्थित होकर अथवा नामित, नामिनी द्वारा उपस्थित होकर बायोमैट्रिक प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान विक्रय किया जाना है। पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी पंजीकृत कृषक के धान खरीदी के लिए अग्रिम टोकन जारी किया जाएगा। किसानां को धान खरीदी के पूर्व खरीदी केन्द्र की दैनिक क्षमता एवं व्यवस्था अनुसार टोकन जारी किया जाएगा। टोकन जारी की प्रक्रिया दो माध्यम से प्रथम टोकन तुहर हाथ एवं समितियों के सॉफ्टवेयर से जारी की जाएगी। टोकन जारी करने के लिए रविवार से शुकवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे की समय निर्धारित है। टोकन पर धान लाने वाले समस्त कृषकों की टोकन में दर्शायी गई मात्रा अनुसार धान का तौल उसी दिवस पूर्ण की जाएगी। पंजीकृत कृषक का बैंक खाता सत्यापित नही होने की स्थिति में टोकन जारी नही किया जा सकता सत्यापन उपरांत ही टोकन जारी किया जाएगा। लघु एवं सीमांत कृषकों को एक टोकन जारी कर उनके द्वारा बेचने योग्य धान की खरीदी किया जाएं तथा किसानों की अधिकतम 03 टोकन जारी कर बेचने योग्य धान की खरीदी की जाएगी। धान उपार्जन केन्द्रों में धान भंडारण के लिए दो लेयर में डनेज लगाना चाहिए। धान तथा बारदानें की किस्म वार स्टेक अलग-अलग लगाना चाहिए जिससे डिलीवरी के समय धान एवं बारदानें की किस्मवार सही गणना की सके। धान भंडारण का स्टेक प्लान तैयार कर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। भंडारित धान को बारिश से बचाने के लिए तारपोलिन, प्लास्टिक कव्हर से ढक कर रखा जाना चाहिए। भंडारित धान को राईस मिलर्स, परिवहनकर्ता को डिलीवरी देते समय प्रथम आवक प्रथम जावक का पालन करना चाहिए। भंडारित धान की सुरक्षा के लिए चौकीदार की नियुक्ति, अस्थाई फेंसिंग, जल निकासी की व्यवस्था एवं दीमक रोधी दवाओं के छिड़काव की जानी चाहिए।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने कि लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। उप संचालक मछली पालन ने बताया कि एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिये कार्य आधारित पहचान के डाटाबेस का निर्माण कर उसके माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में योजना के तहत् मत्स्य पालन अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीयन अनिवार्य होगा। उक्त कार्य अंतर्गत मछली पालन, मत्स्याखेट व मछली बेचने के व्यवसाय के जुड़े सभी लोगों का पंजीयन च्वाईस सेंटर के माध्यम से किया जा सकता है। यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है तो सभी सदस्य का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। पंजीयन के बाद मत्स्य विभाग के सत्यापन और उनके बैंक खाते में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होंगें तथा कामन सर्विस सेंटर (च्वाईस सेंटर) को उनके प्रत्येक एंट्री पर 18 रूपये कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। पंजीयन के लिए मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी अनिवार्य होगा। पंजीयन पश्चात् प्रारंभ में अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा तथा कृषकों का मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात् स्थायी प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। उप संचालक मत्स्य पालन ने मछली पालन से जुड़े सभी कृषकों से अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की है।

# धान बिक्री रकम में लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

किसानो का धान बिक्री रकम की लाखों रुपए का धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार। ंतोष कश्यप उम्र 38 वर्ष निवासी जर्वे च द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि आशीष अग्रवाल जो धान का खरीदी- बिक्री का कार्य करता था पूर्व में 124 कट्टी धान प्रार्थी से ले गया था जिसका पूर्ण भुगतान कर दिया था इसी विश्वास में 11.09.2024 को 500 कट्टी धान आशीष कुमार अग्रवाल को प्रार्थी ने फिर बिक्री किया था जिसका आरोपी द्वारा अपनी पत्नी की चेक बुक में फर्जी हस्ताक्षर कर प्रार्थी को 3,55,000/रु का चेक दिया था। आरोपी द्वारा कई अन्य किसानो का भी धान खरीदी कर सभी किसानों को चेक दिया था। किसानों का चेक क्लीयरेंस नही हुआ तो आरोपी आशीष कुमार अग्रवाल से सम्पर्क किये जाने पर गोल मोल जवाब देता रहा 26.10.24 को उक्त सभी किसान एकत्र होकर आशीष अग्रवाल के घर जा रहे थे तब सब्जी मण्डी नया बस स्टैंड के पास आरोपी द्वारा रकम वापस करने का अश्वासन




देकर ईकरारनामा लिखवाने के लिये पुराना तहसील कार्यालय के पास गया तथा अपनी फर्जी ऋण पुस्तिका को प्रार्थी को देकर इकरारनामा टाईप कराते रहो कहकर अपनी मर्सीज कार को छोड़ कर भाग गया। आरोपी द्वारा सभी किसानों का धान बिक्री का रकम 70,32,914/रु कि धोखाधड़ी किया तथा अन्य किसानो का भी धान खरीदी का चेक देकर रकम भुगतान नही किया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 818/2024 अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में प्रार्थी, गवाहन का कथन लिया जाकर, दस्तावेज प्राप्त किया गया है, जो अरोपी आशीष कुमार अग्रवाल के विरुध्द अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से अति पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेन्द्र कुमार जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबध में पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो प्रार्थी व अन्य किसानो का धान बिक्री रकम की धोखाधड़ी करना, फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार करना तथा अपनी पत्नी के नाम से चेक में स्वयं फर्जी हस्ताक्षर कर किसानों को देना अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 27.10.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, ASI रामप्रसाद बघेल एवम प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आर. आशुतोष कर्ष का सराहनीय योगदान रहा।

# सक्ति के जिंदल वर्ल्ड स्कूल में हुआ छात्र नेतृत्व सम्मेलन एवं अभिभावक शिक्षक सम्मेलन



पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए शक्ति शहर के कंचनपुर में स्थित सीबीएसई जिंदल वर्ल्ड स्कूल हर प्रयास करता है।

इसी कड़ी में हर साल छात्र नेतृत्व सम्मेलन होता है, इस बार छात्र नेतृत्व सम्मेलन और अभिभावक शिक्षक सम्मेलन दोनो एक साथ हुआ, बच्चो ने विज्ञान के मॉडलों द्वारा अभिभावकों को विज्ञान के सिद्धांतो को समझाने का प्रयास किया, गणित विषय के भी मॉडल बनाए गए थे, मॉडल तो बहुत थे लेकिन मुख्य रूप से जिसने सब का ध्यान आकर्षित किया उनमें- संवहन को समझाने के लिए मोम का प्रयोग,चाय पीने के कुल्हड़ से देशी एसी, मिलावटी खाने का हमारे स्वस्थ पे प्रभाव, अंधेरे कमरे मे प्रिज्म की सहायता से प्रकाश के परावर्तन, गुब्बारे की मदद से प्रकाश के अवशोषण, ग्रीनहाउस प्रभाव, पाचन तंत्र का चलित माडल, दूरबीन, शॉर्ट गन, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, फेफड़ों की जांच, ज्वालामुखी, एलिमेंट गेम, सोलर सीटी, आलू का टोप, हाइड्रोलिक पावर गेम, स्मार्ट सीटी त्वरत बर्फ बनाने की विधि, न्यूटन डिस्क, कृषि करने के तरीके, मोशन सेंसर ब्रिज, जल को साफ करने का प्रकृति तरीका, बच्चो ने पूरे समर्पण के साथ अपनी शैक्षणिक परियोजनाओ को दिखाया और समझाया, पूरे कायक्रम के सफल संचालन के लिए डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल, रवि जिंदल तथा प्राचार्य वेंकट ने सभी स्टाफ की सराहना की।

# अवैध महुआ शराब की फैक्ट्री पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com





आबकारी वृत्त डभरा में अवैध महुआ शराब फैक्ट्री पर कार्यवाही की है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार एवं उपा. आब. स.उ.द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब भंडारण के चिन्हांकित स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई, 27.10.2024 को वृत्त डभरा में जिले की संयुक्त आबकारी टीम के द्वारा ग्राम धुरकोट में हरिकिशन टंडन पिता एकादशी टंडन के कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, वहीं ग्राम मेढ़ापाली निवासी मनोज सोने पिता महेत्तर सोने द्वारा अपने घर के एक कमरे में अवैध महुआ शराब की फैक्ट्री चलायी जा रही थी, आबकारी विभाग की टीम ने जब उक्त कमरे को खुलवाया तब वहां 38 प्लास्टिक डिब्बों प्रत्येक में भरा 20-20 किलो महुआ लाहन,6 प्लास्टिक बोरियों में 20-20 किलो कुल 880 किलो महुआ लाहन जिससे दीपावली पर्व पर भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बेचने की तैयारी थी। इसके साथ उसी कमरे में छिपा कर रखा गया ग्राहकों को बेचने के लिए 5 जरीकेनों में भरा कुल 17 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया, आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च 34(2)59क के तहत प्रकरण कायम किया गया। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया, उक्त कार्यवाही मंडल डभरा प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल के नेतृत्व में वृत्त डभरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक लखनलाल ओसले द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में संयुक्त आबकारी टीम में वृत्त मालखरौदा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक कोमल प्रसाद सिदार, प्रधान आब आर पित्रुस मिंज, आबकारी आरक्षक संजू भगत, आबकारी स्टाफ परसराम कहरा, कमलेश यादव एवं अन्य स्टाफका योगदान रहा।

# खरसिया पुरानी बस्ती में पुलिस की जुआ रेड फड से 6 गिरफ्तार, 22170 की नगदी जप्त

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए खरसिया पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, बीते रात चैकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में पुरानी बस्ती के गली रोड इलाके में छापा मारा गया।



इस कार्यवाही के दौरान छरू लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जुआ फ्ड पर गिरफ्तार जुआडियों में राहुल राठौर उम्र 33, पिता राजेश राठौर, रमेश राठौर उम्र 34, पिता - नाथूराम राठौर, हितेश राठौर उम्र 33, पिता - स्वर्गीय भीष्म सिंह, आयुष राठौर उम्र 28, पिता - देवचरण राठौर, अरुण राठौर उम्र 37, पिता - स्वर्गीय खिलावन राठौर सभी पुरानी बस्ती खरसिया, लक्ष्मीनारायण साहू उम्र 42, पिता - दुजेराम साहू रायगढ़ चैक खरसिया शामिल है। इन सभी आरोपियों के पास से कुल 22,170 नकद राशि, 52 पत्तों का तास सेट, और एक प्लास्टिक बोरी बरामद की गई, जिन्हें मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (निषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया है। चैकी प्रभारी संजय नाग द्वारा जुआरियों को जुआ -सट्टा, अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सख्त समझाइश दी गई है।

# बंजारी मंदिर से चांदी के मुकुट व दानपेटी से नगदी ले उड़े चोर

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक में स्थित बंजारी मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के मुकुट सहित दान पेटी में रखे नगदी रकम की चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुसौर क्षेत्र के रहने वाले फकीर पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बिजली मैकेनिक का काम करता है और पुसौर बाजार डांड के गोतमा रोड बाजार चैक के पास स्थित बंजारी मंदिर में देख रेख करता है। फकीर पटेल ने बताया कि उसके बड़े भाई गजानंद पटेल व उसका पुत्र मोक्षराज उर्फरिंकू उक्त मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। 25 अक्टूबर की शाम 7 बजे वे लोग मंदिर के गेट में ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब पौने सात बजे रमेश दास ने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था तब उसने इसकी सूचना उसने फकीर पटेल को दिया। इस सूचना के बाद जब वह मंदिर पहुंचकर देखा तो किसी अज्ञात चोर के द्वारा मां बंजारी माता के पहने चांदी के मुकुट एवं छतर नथनी चांदी का व दान पेटी मे रखे रकम कीमती करीब 4 हजार की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो चुका था। बहरहाल पीड़ित की शिकायत के बाद पुसौर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए) 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# जमीन विवाद में भाई ने बहन पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चैकी रैरूमाखुर्द में जमीन विवाद को लेकर एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा अपनी बहन पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी भुवन साय मांझी (45 वर्ष) ने अपनी सगी बहन रत्नीबाई मांझी (55 वर्ष) के सिर पर टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

रत्नीबाई मांझी के पुत्र नैहरसाय मांझी द्वारा 25 अक्टूबर को दर्ज कराया कि उसके नाना नानी ने ही भालूपखना गांव में उनके घर के पास मां को घर बनाने के लिए जमीन दी जिस पर वे घर बनाकर बसे हुए हैं। इसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया घर निर्माण के प्रयास पर मामा भुवन साय मांझी ने आपत्ति जताई। इसी विवाद के चलते 25 अक्टूबर को सुबह करीब 08 बजे आरोपी ने रत्नीबाई पर टांगी से हमला कर दिया और धमकी दी कि उनके घर के पास निर्माण कार्य जारी रखा तो जान से मार देगा। डायल 112 से घायल रत्नीबाई मांझी को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भुवन साय मांझी के खिलाफ धारा 109(1), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस में मामला पंजीबद्ध कर चैकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक मनीष कांत ने फ्रार आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# डभरा पुलिस ने अवैध जुओं, सटटा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना डभरा जिला सक्ती के अपराध क्रमांक 386/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार थाना डभरा पुलिस की लगातार कार्यवाही 27/10/2024 मे पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर/डभरा अंजली गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में हो रहे, अवैध जुओं, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र मे मुखबिर तैनात किया गया था। घटना 27.10.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम छुछुभाठा नहर किनारे अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब अधिक मात्रा में बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में रखा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी कुलदीप जोल्हे पिता चौकराम जोल्हे उम्र 32 वर्ष साकिन छुछुभाठा थाना डभरा के कब्जे से 15-15 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की 04 प्लास्टिक डिब्बा में 60 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 386/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर 27.10.2024 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक प्रवीण राजपूत के नेतृत्व में प्र. आर, हेमंत राठौर, आर. मानसिंह कुर्रे, राजेश धिरहे, सुरज प्रताप का विशेष योगदान रहा।

# नवागढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध की जा रही हैं लगातार कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध की जा रही हैं लगातार कार्रवाई,अलग अलग जगहों से 14 जुवाड़ीयानो को पकड़ने में मिली सफलता। पुलिस अधीक्षक जांजगीर विवेक शुक्ला दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना नवागढ़ प्रभारी निरी. भास्कर शर्मा के नेतृत्व में थाना नवागढ़ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग/रात्रि गश्त के दौरान छापा मारा गया। इस कार्यवाही के दौरान थाना नवागढ़ क्षेत्र के तेंदुआ, धाराशिव, सेमरा से 14 लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया। यहआरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे -(01) प्रभात कुर्रे उम्र 35 वर्ष निवासी तेंदुआ थाना नवागढ (02) संतराम बंजारे उम्र 25 वर्ष निवासी तेंदुआ थाना नवागढ (03) मानु खाण्डेकर उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ(04) राजा महिपाल उम्र 23 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ(05) अकाछुराम कुर्रे निवासी तेंदुआ थाना नवागढ (06) हरि राम यादव निवासी सेमरा थाना नवागढ़(07) रवि कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ़(08) वेदप्रकाश केवट उम्र 25 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ(09) नरेन्द्र कुमार साहू उम्र 50 वर्ष निवासी सेमरा थाना नवागढ़ (10) योगेश साहू उम्र 34 निवासी सेमरा थाना नवागढ़ (11) भुनेश्वर उम्र 55 निवासी धाराशिव थाना नवागढ़(12) बलराम उम्र 32 वर्ष निवासी धाराशिव थाना नवागढ़(13) रेखा राम यादव उम्र 35 वर्ष निवासी धाराशिव थाना नवागढ़ (14) सुखीरम उम्र 38 निवासी धाराशिव थाना नवागढ़ उपरोक्त जुआ रेड के कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना नवागढ़ पुलिस स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

## डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने भेजा गया अनुशंसा पत्र, बिजली विभाग को भेजा नोटिस

# तीन हाथियों की मौत मामले में हुई कार्रवाई, बीटगार्ड निलंबित

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में शनिवार की सुबह करंट की चपेट मे आकर एक साथ तीन हाथियों की मौत हो जाने के बाद रायगढ़ वन मंडल की डीएफओ ने इस मामले मे कार्रवाई करते हुए एक बिटगार्ड को सस्पेंड कर दिया है। वहीं डिप्टी रेंजर के सस्पेंड के लिए सीसीएफबिलासपुर को अनुशंसा पत्र भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के तमनार रेंज मे शनिवार की सुबह 11केवी विद्युत प्रवाहित कारण तार की चपेट मे एक नर हाथी, एक मादा हाथी समेत एक शावक की लाश सामारूमा परिक्षेत्र के कचकोबा परिसर में चुहकीमार वन विभाग के नर्सरी मे मिली थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही रायगढ़ वन मंडल वन विभाग के अधिकारियों के आलावा डीएफओ समेत तमनार व घरघोड़ा रेंज की टीम मौके पर पहुंची।

**बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने**-घटना स्थल पहुंची वन विभाग की टीम सामारूमा परिक्षेत्र के कचकोबा परिसर में चुहकीमार नर्सरी क्षेत्र का मुआयना किया गया, इस दौरान टीम को पता चला कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण 11 केवी तार काफी नीचे झुला हुआ था जिसकी वजह से ही यह घटना घटित हुई है।

**कई बार की गई शिकायत**-प्रारंभिक जांच मे यह भी पता चला की वन विभाग के नर्सरी प्रभारी ने 11केवी लाइन तार नीचे होने की शिकायत कई बार बिजली विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से की थी, लेकिन इसके बावजूद इस ओर किसी तरह की पहल नही की गई जिसके परिणाम स्वरूप यह घटना घटित हो गई।

**बीटगार्ड हुआ सस्पेंड**-वन विभाग की जांच मे यह भी पाया गया की पिछले तीन से चार दिनों तक घरघोड़ा रेंज मे 70 से अधिक हाथी के विचरण करने के बावजूद भी संबंधित बीटगार्ड के द्वारा सही तरह से हाथियों के सुरक्षा के मद्देनजर निगरानी नहीं की गई, इस मामले मे गंभीर लापरवाही पाए जाने के बाद रायगढ़ डीएफओ स्टाईलों मंडावी ने रविवार की शाम कचकोबा परिसर रक्षक सन्यासी सिदार को सस्पेंड कर दिया है।

**सर्किल प्रभारी के लिए भेजा गया अनुशंसा पत्र**-मिली जानकारी के मुताबिक एक साथ तीन हाथियों की मौत हो जाने के बाद वन विभाग की टीम इस मामले मे गंभीरता से कार्रवाई कर रही है, विभागीय टीम ने इस मामले मे सामारूमा सर्किल प्रभारी अजय खेस के भी सस्पेंड के लिए सीसीएफबिलासपुर को अनुशंसा पत्र भेजा है।

**क्या कहती हैं डीएफओ**-इस सम्बन्ध मे रायगढ़ वन मंडल की डीएफ्ओ स्टाईलों मंडावी ने बताया कि विभागीय कार्रवाई करने के बाद इस घटना मे बिजली विभाग की भी लापरवाही सामने आयी है। ऐसे में घरघोड़ा बिजली विभाग के अधिकारियों को इसके लिए नोटिस भी भेजा गया है। साथ ही साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है। ताकि इस मामले मे आगे की कार्रवाई की जा सके।

# सड़क जाम करने वालों के खिलाफ पुलिस का एक्शन, आंदोलनकारीयो के खिलाफहुआ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना डभरा जिला सक्ती के अपराध बी.एन.एस. के अंतर्गत ग्राम टुण्ड्री दशहरा चौक पर आवागमन अवरूद्ध कर चक्का जाम करने वालो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है,थाना डभरा पुलिस की कार्यवाही हुई है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी थाना डभरा उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी ठेकेदारी का काम करता है कि 26.10.2024 को रायगढ़ से अपने घर डभरा आते समय ग्राम टुण्ड्री के दशहरा चौक पर टुण्ड्री के लोचन साहू मुरली साहू, करूणा साहू कुमार साहू उर्फ पिन्टु, मदन साहू, पालू साहू, आकाश डनसेना, नरेन्द्र उनसेना, एवं अन्य लोगो के द्वारा रास्ता रोककर चक्का जाम किये थे जिसे प्रार्थी द्वारा चक्का जाम करने का कारण पूछने पर ग्राम जोरापाली थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ के पास ग्राम दुण्ड्री के नबेल यादव का ट्रेलर गाड़ी के द्वारा एक्सीडेन्ट करने से मृत्यु हो गया है इसलिए जक्का जाम करना बताये है जिससे आने जाने वाले लागो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जो कि रोड के उपर खड़ा होकर बल पूर्वक सार्वजनिक मार्ग पर चक्का जाम कर आवागमन अवरूद्ध करना अपराध की श्रेणी में आने तथा रिपोर्ट प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर अपराध क्रमांक 385/2024 धारा 126 (2),191(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# मानसिक विकार, अवसाद और आत्महत्या के रोकथाम में लगा जिले का स्पर्श क्लीनिक, जाँच, परामर्श और उपचार से मरीज हो रहे ठीक

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जीवन में बहुत सारी घरेलू सामाजिक समस्याओं से आजकल सामना करना पड़ता है इसके कारण मनुष्य की मानसिक स्थिति पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ते हैं। इसमें गुस्सा, चिड़चिड़ापन, अवसाद और कभी-कभी तो व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेता है। यदि समय रहते उक्त अवसाद से जूझ रहे व्यक्ति को सही परामर्श मिले तो ऐसे व्यक्ति का न केवल जीवन बचाया जा सकता है बल्कि उसे समाज की मुख्यधारा में लाकर सामान्य जीवन जीने को प्रेरित भी किया जा सकता है। ऐसी ही मानसिक स्थिति के निराकरण हेतु जिला अस्पताल में मानसिक रोग विभाग अंतर्गत स्पर्श क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार स्पर्श क्लीनिक में एक मनोरोग विशेषज्ञ सहित कुशल और प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ अपनी सेवा देते हैं तथा यह मानसिक रोगों के निदान हेतु अच्छा माध्यम है। जिला अस्पताल की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ मधुमिता बैनर्जी के अनुसार अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक में पारिवारिक सामाजिक तनाव, नशे की लत,अवसाद गुस्सा आदि मानसिक विकारों का इलाज होता है। अज्ञानता के कारण कई बार लोग झाड़ू-फूँक आदि चीजों में अपना समय गंवा देते हैं जबकि मानसिक रोगों में प्रायः इलाज के पश्चात मरीज पूरी तरह ठीक भी हो जाते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों और कॉलेजों में तनाव प्रबंधन सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित लाइफ स्किल एजुकेशन एवं आत्महत्या रोकथाम हेतु गेट कीपर प्रशिक्षण भी दिया जाता है।मनोचिकित्सक डॉ मधुमिता बैनर्जी ने एक केस की चर्चा करते हुए बताया कि, एक 34 वर्षीय महिला ने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। शुरू में उसने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया परन्तु लगातार संपर्क और उससे चर्चा तथा परामर्श के दौरान ज्ञात हुआ कि पति को शराब सेवन की बुरी आदत है जिससे विवाद होते रहते थे, महिला के बच्चे भी हैं ऐसा दो साल से चल रहा था।नशे के कारण परिवार की माली हालत भी बुरी थी। बच्चों के लालन-पालन को लेकर चिंता बनी रहती थी। इससे महिला इतनी निराश हुई कि उसने जान देने का प्रयास किया। इस पूरे प्रकरण में नशा एक बड़ा कारण था। ऐसे में स्पर्श क्लीनिक की टीम ने महिला तथा पति दोनों का उपचार आरंभ किया। परामर्श के कई सत्र के पश्चात परिवार की स्थिति बेहतर हुई। सिविल सर्जन डॉ के के टेम्भूरने ने बताया कि स्पर्श क्लीनिक में मनोरोग चिकित्सक के अतिरिक्त क्लीनिकल साइको लॉजिस्ट मोहिन्दर धृतलहरे, साईकेट्रिक सोशल वर्कर रोशन लाल, साईकेट्रिक नर्स शिव कुमारी गोस्वामी, कम्युनिटी नर्स भारती यादव की टीम अपनी सेवा दे रहे हैं। स्टाफ की उपलब्धता सदा रहती है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिलावासियों से मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए झाड़-फूँक जैसे अंधविश्वास से दूर रहने तथा ऐसी किसी समस्याओं से ग्रसित होने पर तत्काल स्पर्श क्लीनिक में संपर्क करने की अपील की है । मानसिक रोग के उपचार एवं आत्महत्या के रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर टेलीमानस 14416 या 18008914416 में कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने के लिए हर माह होगा निरीक्षण

## कलेक्टर ने 73 अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ‹ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले के सभी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। कलेक्टर त्रिपाठी ने जिले के सभी स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए 73 अधिकारियों की टीम का गठन किया है। इन अधिकारियों में एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जो हर माह स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। इस निरीक्षण प्रक्रिया के तहत अधिकारियों को स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, शौचालय, बिजली, खेल सुविधा जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेना होगा। साथ ही, विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था में आने वाली समस्याओं की पहचान कर, उनके समाधान हेतु सुझाव देने होंगे। बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंडों के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में, 52 अधिकारी बैकुंठपुर में और 21 अधिकारी सोनहत में निरीक्षण कार्य करेंगे। हर माह का निरीक्षण पूरा करने के बाद सभी अधिकारी अपने संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों की स्थिति की रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्कूलों में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें। जिला कलेक्टर की इस पहल को शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। चंदन त्रिपाठी का मानना है कि नियमित निरीक्षण से शिक्षा में सुधार के प्रयासों को गति मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

# आयुर्वेद दिवस पर जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 29 अक्टूबर को कोटमी में

## विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची होंगे मुख्य अतिथि

- वृद्धावस्था जन्य रोगों की विशेषज्ञ चिकित्सों द्वारा निःशुल्क परीक्षण एवं औषधि वितरण किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ‹ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
www.dailypioneer.com

भगवान धनवंतरी जयंती के अवसर पर 9वां आयुर्वेद दिवस 29 अक्टूबर मंगलवार को मनाया जा रहा है। आयुर्वेद दिवस पर जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला (शिविर) का आयोजन पेण्ड्रा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटमी के कोटमी बाजार में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिला आयुष अधिकारी द्वारा आयोजित मेले में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि होंगे। प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा एवं रोगी के रोग निवारण हेतु आयोजित शिविर में विभिन्न बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार, अपच, खुजली के साथ ही पुराने रोग जैसे वातरोग, उदररोग, चर्मरोग, स्त्रीरोग, मूत्ररोग, गुप्तरोग, श्वांस, हृदय, लिवर से संबंधित रोग एवं वृद्धावस्था जन्य रोगों की विशेषज्ञ चिकित्सों द्वारा निःशुल्क परीक्षण एवं औषधि वितरण किया जाएगा।

शिविर में बीपी, शुगर की जांच तथा सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज, परामर्श एवं दवाईयां भी निःशुल्क दिया जाएगा। जिला स्तरीय शिविर-मेला की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुखलाल पटेल करेंगे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए आकर्षक मॉडल

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में 25 एवं 26 अक्टूबर को दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी विकसीत भारत के लिए नवाचार का, 25 व 26 अक्टूबर को एक दिवस आनंद मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने शानदार मॉडल प्रस्तुत किये। जिसका अतिथियों एवं अभिभावकगण अवलोकन कर बाल वैज्ञानिकों की काफी सराहना कर रहे है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, नरेन्द्र वर्मा जिला मिशन समन्यवक (राजीव गाँधी शिक्षा मिशन), सुनील झा - एडीओपी समग्र शिक्षा, निलय पाण्डेय, धनंजय शर्मा, पूनम कुमार साहू, डोमेन्द्र पाण्डेय, कुन्दन जयसवाल का आगमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप जलाकर किया गया। बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुवे के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने अपने भाषण में कहा की किसी भी विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम बहुत ही सहयोग साबित होता है इस विज्ञान प्रदर्शनी से विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है जिससे विद्यार्थियों के मन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होता है। और साथ ही इसरो का उदाहरण देकर बताये की हमारा भारत देश मंगल ग्रह में पहुँच चुके है। एवं इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा का सराहना किया एवं बधाई दिये। बेमेतरा के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे ने बच्चो द्वारा बनाए विभिन्न विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया एवं उनके साथ वार्तालाप किए जिसमे उन्होने उनके मॉडल से संबन्धित प्रश्न पूछे एवं अपनी ओर से उनके बारे मे भी बताया। सभी विद्यार्थी जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे को अपने बीच पाकर अति प्रसन्न थे। बच्चो ने खुशी खुशी अपने विभिन्न मॉडल जैसे लाजिक गेट, इलेक्ट्रोमेग्नेटिक क्रेन, आर्मी बेस कैम्प, मानव मस्तिष्क, सूक्ष्मदर्शी, होलोग्राम, वाटर लेवेल इंडिकेटर, ओज़ोन चक्र, डीएनए मॉडल, फ्री एनर्जी उत्पादक, टेसला चक्र और गणित के मॉडल का प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी से बारहवी तक कुल 153 मॉडल बनाए गए है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्या डॉ अलका तिवारी जी ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने अतिथियों को विज्ञान प्रदर्शनी में पधारने के लिए आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू एवं शिक्षक भूपेंद्र साहू ने किया। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने मे सभी विज्ञान शिक्षक दिप्ती साहू अमृत साहू, अजय चंद्राकार, पूरन साहू, अभिलाषा शर्मा, राजकुमार साहू, निर्मला साहू, किरण अग्रवाल, विकास शर्मा, देविका साहू, ज्योति निषाद, रीया नामदेव, रविशंकर वर्मा, मानदास चतुर्वेदी, सभी ने विज्ञान मॉडल बनाने मे बच्चो का मार्ग दर्शन किया।

# स्कूली छात्राओं को मिली मछली पालन व कृषि यंत्रीकरण की जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com




शासकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुकमा में कक्षा 9वीं, 10 वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा का महत्व, उपयोगिता एवं रोजगार के अवसर विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर ने मछ्ली पालन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मछ्ली और मानव शरीर की फिजियोलॉजी, एनाटॉमी, रुधिर परिसंचरण, कंकाल तंत्र एवं तंत्रिका तंत्र की समानता, विभिन्नता के साथ साथ मछ्ली और मानव के विकास को तथ्यात्मक रूप से विद्यार्थियों को बताया। साथ ही मछ्लीपालन से सम्बंधित केन्द्र/ राज्य पोषित योजनाओं तथा मछ्ली पालन विषय में शिक्षा हासिल करने स्नातक, स्नातकोत्तर व पी.एच.डी. के बारे में एवं इससे उद्यम प्राप्त करने के अनेक उपायों की विस्तृत जानकारी दिए तथा डॉ परमानंद साहू, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियांत्रिकी) ने कृषि के मूलभूत सिद्धांतों, उनके प्रकार व आधुनिक खेती में कृषि यंत्रीकरण की उपयोगिता में प्रकाश डालते हुए, कृषि में उपयोग होने वाले मानवचलित, पशुचलित व ट्रैक्टरचलित यंत्रों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एच. एस. सिदार तथा अन्य शिक्षक अनुपम राज मसीह, कुमारी नैशी खलखो, एस. नर्मदा व सुनंदा साहू भी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में भगवान धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन बस स्टैंड दंतेवाड़ा में 29 अक्टूबर को किया जा रहा है। उक्त शिविर में जिसमे आयुर्वेद, होम्योपैथी, युनानी, योग पद्धति से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वात रोग, मधुमेह, दमा, उदर रोग, उच्च रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, बवासीर, चर्म रोग, स्त्री रोग आदि रोगों से बचाव हेतु परामर्श व रोगों का परीक्षण एवं निदान कर निःशुल्क औषधि प्रदान की जायेगी। इस संबंध में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा उपचार एवं योग पद्धति से लाभान्वित हो सकते है।

# नशामुक्त भारत अभियान : शैक्षणिक संस्थानों में चले जागरूकता कार्यक्रम




पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई.टी.आई जोंदरापदर, आई.टी.आई व महाविद्यालय मर्दापाल और हायर सेकण्डरी स्कूल मर्दापाल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशे से संबंधित घातक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करना और उनसे छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा करना था। अभियान के तहत उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों और इसके सामाजिक परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सभी उपस्थित व्यक्तियों ने नशामुक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और इस दिशा में काम करने की प्रेरणा ली। इस कार्यक्रम से छात्रों को नशे के दूर रहने जागरूक किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम नशामुक्त भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जो समाज में नशे की समस्या को दूर करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण विभाग ललिता लकड़ा सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा पत्र लेखन अभियान का आयोजन किया गया

# राष्ट्रीय स्तर पर लेटर राइटिंग कंपटीशन अंडर द ढाई अक्षर लेटर राइटिंग कैंपेन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा में भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर लेटर राइटिंग कंपटीशन अंडर द ढाई अक्षर लेटर राइटिंग कैंपेन 2024-25 का आयोजन किया गया। भारतीय डाक विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी पत्र लेखन अभियान का आयोजन किया गया। जिसका थीम था हर शब्द में कहानी, पत्र की जुबानी, जो की 14 सितंबर से 14 दिसंबर 2024 तक आयोजित अभियान, जिसका विषय था लेखन का आनंद- डिजिटल युग में पत्र का महत्व। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नया बाजार राजहरा में 200 विद्यार्थियों द्वारा पत्र लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभाजित थी प्रथम 18 वर्ष से कम व द्वितीय 18 वर्ष से ऊपर। प्रत्येक आयु वर्ग में अंतर्देशीय पत्र श्रेणी 500 शब्द व लिफाफा श्रेणी 1000 शब्द में लेखन कार्य आयोजित था। दोनों श्रेणियां में कुल 600 पत्रों का लेखन किया गया। पत्र लेखन प्रतियोगिता के कार्यक्रम प्रभारी टुमन सिन्हा, उच्च वर्ग शिक्षक, भारतीय डाक विभाग से मुख्य डाकघर दल्ली राजहरा के पोस्टमास्टर जयप्रकाश जायसवाल, पुरोहित निषाद शाखा पोस्टमास्टर नर्राटोला की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिडिल, हाई व हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने इस पत्र लेखन कार्यक्रम में हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक नीलम दिल्लीवार, साक्षी साहू, प्रशांत कंवार, के दास मैडम, पियूष ताम्रकार, नौरिन बानो, साक्षी देवांगन, प्रियंका चौहान ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। संस्था में उपस्थित मिडिल हाई व हायर के बच्चों को शाला परिसर के मैदान में बैठकर अंतर्देशी व लिफाफा वितरण कर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसएमसी अध्यक्ष रमेश गुज्जर की उपस्थिति में किया गया ।उन्होंने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्देशीय देखकर हमें पुराने हमारी पुरानी याद ताजा हो गई, जब हम अपने रिश्तेदारों को पत्र लिखकर उनका हाल-चाल पता किया करते थे। लेकिन आज के इस डिजिटल युग में पत्र लेखन रूक सा गया है, हमें पत्र लेखन को बढ़ावा देना चाहिए ताकि हमारे बच्चे पत्र लेखन की बारीकियां को समझ सके और इसका अधिक से अधिक उपयोग कर सके। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम प्रभारी टुमन सिन्हा के द्वारा बच्चों को पत्र लेखन की बारीकियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पत्र लेखन मात्र कोई कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि यह हमारी भावनाओं से जुड़ी है, पत्र लेखन वर्तमान में एक लुप्त कला हो गई है। पत्र लेखन से हमें भौतिकता का आभास होता है, भावनात्मक प्रतिध्वनि उत्पन्न होती है, हमें इतिहास का संरक्षण करते हुए, व्यक्तिगत विकास के लिए, रिश्तों को पुनर्जीवित करने के लिए, शैक्षणिक मूल्य व संवाद का उचित माध्यम बनाने के लिए हमें पत्र का उपयोग करना चाहिए। पत्र हमारे विभिन्न समस्याओं का समाधान करता है, समाज का सुधार करता है। पत्र स्पष्ट समर्थन, संबंध, समयबद्धता को प्रदर्शित करता है। पत्र कई प्रकार के होते हैं जैसे निजी पत्र, सार्वजनिक पत्र, व्यवसायिक पत्र, आधिकारिक पत्र ।

हमारी भाषा को संक्षेप या स्पष्ट रूप में प्रयोग करने में पत्र बहुत मददगार साबित होता है। हम पत्र के माध्यम से अपनी सच्चाई, अपनी संवेदनशीलता अपनी अनुकूलता को प्रदर्शित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित पोस्टमास्टर जायसवाल ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के पत्र लेखन अभियान हमारे विभाग द्वारा संचालित किया जाता है और इस बार हम प्रत्येक विद्यालय से भी हमारे डाकघर का भ्रमण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं कोई भी स्कूल हमसे संपर्क कर हमारे मुख्य डाकघर की कार्यवाही को जानने के लिए भ्रमण कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं।

## शपथ पत्र

मैं डोलेश मनराखान बेहेरा उम्र 18 वर्ष पिता श्री मनराखान बेहेरा जाति सवरा निवासी ग्राम बैतारी पोस्ट चट्टीगिरोला तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) का निवासी हूँ एवं निचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूं कि

1. यह कि मैं ग्राम बैतारी तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सरायपाली में पॉलिसी किया गया है जिसका पॉलिसी क्रमांक 386006535 है जिसमें मेरा नाम **DOLA MANI BEHERA** दर्ज है एवं मेरा आधार कार्ड क्रमांक 5242 6493 2784 है जिसमें मेरा नाम डोलेश मनराखान बेहेरा **(DOLESH MANRAKHAN BEHERA)** दर्ज है जो कि दोनों दस्तावेज में दर्ज नाम मेरा ही नाम है
3. यह कि मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा सरायपाली के पॉलिसी में दर्ज नाम **DOLA MANI BEHERA** व आधार कार्ड में दर्ज नाम डोलेश मनराखान बेहेरा (DOLESH MANRAKHAN BEHERA) एक ही व्यक्ति का नाम है दो अलग-अलग व्यक्तियों का नाम नहीं होने के साक्ष्य में यह शपथ पत्र निष्पादित करने आवश्यकता हुई है।

**शपथकर्ता**

### सत्यापन

मैं डोलेश मनराखान बेहेरा उम्र 18 वर्ष पिता श्री मनराखान बेहेरा जति सवरा निवासी ग्राम बैतारी पोस्ट चट्टीगिरोला तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) का निवासी हूँ। उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका एक से तीन तक में लिखी बातें सत्य व सही है अतः दिनांक 17/10/2024 को सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

## न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक-/202410201500016/ब-121/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/2933/न.पा./भ.नि.शा./2024 कोण्डागांव दिनांक 23/10/2024 के अनुसार आवेदक श्री महेश चौहान पिता श्री रामसूरत सिंह जाति क्षत्री निवासी-विकासनगर, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-विकासनगर स्थित भूमि शीट नम्बर-02 भूखण्ड क्रमांक 691/162 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में महेश सिंह पिता रामसूरत सिंह चौहान के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट भूमि में से भू-तल में क्षेत्रफल 800 वर्गफीट प्रथम तल में क्षेत्रफल 920 वर्गफीट पर एवं द्वितीय तल में क्षेत्रफल 1023 वर्गफीट पर आवासीय प्रयोजन हेतु भवन निर्माण करने अनापत्ति प्रमाण-पत्र नक्शा, खसरा एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को भूमि सत्यापन एवं निर्माण कार्य हेतु अभिमत/अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 08.11.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.10.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला-कोण्डागांव**

# गौरव ग्राम में शराब दुकान... घुमका में भट्ठी के लिए आबकारी ने प्रस्ताव मांगा, फैसले को लेकर आक्रोश

## ग्रामीणों के विरोध के बाद 2012 में हटाई गई थी शराब दुकान, फिर बन रही विरोध की स्थिति

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




घुमका में देशी शराब दुकान खोलने आबकारी विभाग ने पंचायत से प्रस्ताव मांगा है। आबकारी विभाग के इस प्रक्रिया के बाद अब विवाद की स्थिति बन रही है। वर्ष 2012 से घुमका में शराब दुकान बंद कर दिया गया है। चूंकि राज्य सरकार की आबकारी नीति के तहत गौरव ग्राम में शराब दुकान का संचालन नहीं करने का स्थायी निर्णय केबिनेट में पारित कर अधिनियम बनाया जा चुका है। बावजूद इसके फिर से शराब दुकान खोलने की योजना को लेकर महिला समूहों का कड़ा विरोध सामने आ सकता है।

राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार ने शराब दुकानों के संचालन के लिए कुछ विशेष शर्तों के साथ नियम पारित किया है। चूंकि स्वतंत्रता संग्राम में अहम भागीदारी निभाने वाले ग्रामीणों के गांव को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया है और गौरव ग्राम में शराब दुकान का संचालन नहीं किया जाना है।

घुमका निवासी चिंता राम द्विवेदी और बेनी प्रसाद दुबे ने देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में भाग लिया था और इनके अतुलनीय योगदान को चिरस्मरणीय बनाने दोनों सेनानियों के निधन उपरांत साल 2011 में घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया। इसके बाद सरकार ने ऐसे गांव में संचालित शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया और अप्रैल2012 से घुमका के देशी शराब दुकान को बंद कर दिया गया।

इसके पहले भी समय समय पर घुमका के शराब दुकान को बंद करने ग्रामीणों ने काफी संघर्ष किया था। साल 2002 में शराब दुकान बंद करने ग्रामीणों ने एकजुट होकर आंदोलनरत ग्रामीणों पर पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया था। तब शराब दुकान बंद तो नहीं हुआ अलबत्ता शराब दुकान को बस्ती से हटाकर आऊटर में शिफ्ट किया गया था। इसके बावजूद ग्रामीणों का आक्रोश शांत नहीं हुआ और समय समय पर शराब दुकान हटाने ग्रामीणों और खासकर महिला समूहों का विरोध चलता रहा राज्य सरकार की ओर से गठित भारतमाता वाहिनी के नेतृत्व में शराब दुकान बंद करने अभियान चलाया जाता रहा।

अंततः सेनानियों के बलिदान से गौरव ग्राम बनने के बाद सरकार की आबकारी नीति में संशोधन से आखिर घुमका में शराब दुकान 2012 से बंद कर दिया गया। वहीं बीते पांच साल तक विपक्ष में रही भाजपा ने शराबबंदी को लेकर भूपेश बघेल सरकार को आड़े हाथों लिया। लेकिन अब सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के खुद शराब दुकान खोलने की मंशा को लेकर सीधे विपक्ष के निशाने पर है।

वहीं राज्य सरकार के निर्णय से वाकिफ आबकारी महकमे के अधिकारियों के शराब दुकान के लिए प्रस्ताव मांगने के पत्र जारी करने के बाद विभाग को लेकर भी सवाल खड़े हो रहें हैं। आबकारी विभाग ने शराब दुकान संचालन के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मांगा है। उक्त सम्बंध में सोमवार को ग्रामीणों की राय जानने ग्रामसभा रखी गई थी लेकिन कदाचित कारणों से बैठक नहीं हो सका

### सेनानियों के अपमान पर राज्यपाल से होगी शिकायत : रूपेश दुबे



प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शराब के अवैध कारोबारों को संरक्षण देने के लिए भाजपा सरकार अब राजधर्म भी भूल गई है। गौरव ग्राम घुमका में शराब दुकान हटाने 4 अक्टूबर 2011 को जन आंदोलन हुआ। मार्च 2012 में उसी नीतिगत निर्णय से घुमका का शराब दुकान हटाई गई थी। अब उसी गौरव ग्राम में शराब दुकान खोलने का खेल खेलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान पर भाजपा सरकार आमादा है। राजनांदगांव के सहायक आयुक्त आबकारी के काले कारनामे को सरकार सहित जनता जानती है। ऐसे अधिकारी को राजनांदगांव में पदस्थ कर डॉ रमन सिंह के निर्वाचन जिले को बदनाम करने की प्रमाण भी बताया है। क्योंकि राजनांदगांव डॉ रमन सिंह के विधानसभा के जिला मुख्यालय में अवैध निर्माण में शराब दुकान खोलकर सरकार ने यह मनसा साफ कर दिया था कि डॉ रमन सिंह से बड़ा शराब का कारोबार है। शराब दुकान के लिए ग्राम सभा की बैठक बुलाने आदेशात्मक पत्र प्रशासनिक आतंकवाद का जीता जागता उदाहरण के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान और सरकार की नीति के विपरीत है। जिसके लिए पत्र लिखने वाली अधिकारी पर कार्यवाही आवश्यक है। क्योंकि चिखली शराब दुकान मामले में बड़े अधिकारियों को फंसाने के बाद अब निर्वाचित जनप्रतिनिधियो को फंसाने का भी खेल चालू हो गया है। क्योंकि आने वाले समय में स्थानीय चुनाव होने है ऐसी स्थिति में कानून व्यवस्था को बदहाल करने का भी यह सरकार के संरक्षण में प्रशासनिक खेल है।

# पेयजल के लिए जूझ रहे वार्डवासियों ने किया चक्काजाम



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पानी की समस्या से जूझ रहे नया ढाबा के वार्डवासियों ने चक्काजाम कर दिया। सोमवार की दोपहर दो घंटे तक लोग खाली बर्तन लिए परिवार के साथ सड़क पर उतर आए। पेयजल की मांग को लेकर उन्होंने नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना पर निगम के अफसर नया ढाबा पहुंचे। वार्ड के लोगों ने बताया कि, पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। इस सीज़न में भी तीन दिन से नलों में पानी नहीं आ रहा है। हमारी शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निगम अफसरों से समस्या के तत्काल समाधान की मांग को लेकर नागरिक सड़क पर धरने में बैठ गए। यहां पहुंचे अधिकारियों ने उनसे बात की। जल विभाग के प्रभारी ने बताया कि पाइप लाइन में फाल्ट की वजह से आपूर्ति में दिक्कतें आ रहीं हैं। कुछ क्षेत्र में तो पानी पहुंच रहा है लेकिन कुछ इलाके में समस्या बनी हुई है।

प्रदर्शनकारियों को मनाते हुए अधिकारियों ने सुधार शुरू करने का आश्वासन दिया। टैंकर से भी पानी की आपूर्ति की जा रही है। आश्वासन के बाद वार्ड के लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया। निगम के ईई यूके रामटेके ने बताया कि सुधार के बाद मंगलवार सुबह से सभी हिस्सों में जलापूर्ति सामान्य हो जाएगी।

### कई वार्डों में ऐसी ही समस्या

विकास नगर, जनता कॉलोनी, कंचनबाग जैसे हिस्सों में पेयजल आपूर्ति की शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा मोहारा के भी कुछ इलाके अब भी प्रभावित हैं। पाइप लाइन में फाल्ट, फोर्स न आने की शिकायतें लगातार आ रहीं हैं। शहर के बाहरी वार्डों में ऐसी समस्या आम हो गई हैं। अमृत मिशन प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद भी ऐसे हालात बने हुए हैं। पिछले दिनों में नवागांव, मोहारा इलाके में भी पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन हो चुके हैं।

# हाल में मचली में आसरू डोरा चौंक का नामकरण किया था उस खंभा को उखाड़ फेंकने का साजिश किया गया हैं

पायनियर संवाददाता ‹ विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com

बुमयार हासपेन आसरु (डोरा) मरकाम की स्मृति में चौक के खंबा को अंजान व्यक्ति के द्वारा उखाडा गया हैं साजिश हैं। हाल ही में नामकरण किया गया था जिसमें केशकाल घाट के मराम्मत के चलते हुए जिला प्रशासन के ओर से उक्त रोड को परिवर्तन किया गया था (विश्रामपुरी - मचली - दुधावा कांकेर) मार्ग से गाड़ी आवाजाही मार्ग रूटिंग बनाया गया जिसमें की मचली चौक से गुजरते हुए जाते थे जो कि कल शनिवार रात को नामकरण खंभा को उखाड़ कर गायब किया गया था। रविवार सुबह ग्राम के लोगों के द्वारा देखा गया तो सब दंग रह गया। क्यूंकि उस चौंक पुलिस के टीम भी ड्यूटी लगती थीं और लोगों की आना जाना लगा रहता था।। किंतु उस खंभा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उखाड़ फेंकने में कामयाब हुई।।। गोडवाना समाज उपखंड विश्रामपुरी और सर्वआदिवासी समाज विश्रामपुरी को सुचना दिया देकर थाना में जांच कर कार्यवाहि हेतु पत्र दिया जाएगा अन्यथा चका जाम करेंगे। जिसमें ग्राम मचली के युवा साथि एवं ग्रामवाशी बहुत ही नाराज़ हैं।

**चौंक का उद्देश्य-** नार्र सरचना जिसमे परम्परा रूड़ी गत्त (5 वी अनुसूची रूढ़ी जन्य क्षत्र) इस क्षेत्र में ऐसे चौक का नाम पहली बार किसी स्वर्गवास पेन पुरखा हासपेन आसरू राम (डोरा दादा) मरकाम के नाम रखा गया हैं, जिसने ब्लॉक बड़ेराजपुर गोंडवाना उपखंड भीमा मांडो विश्रामपुरी में लिंगों गोटूल संस्था के संरक्षक / संयोजक सन 1970 से 2010 तक अपना महत्पूर्ण योगदान समाज के लिए दिया गया। और जब उस समय गांव/पारा टोली व सर्कल/उप खंड की कई मुद्दे को थाना कोर्ट कचहरी में न जा कर अपने समाज के नियम से अपने ग्राम/पारा में समाज के बीच बैठकर दोनों पक्षों की बात सुनकर चर्चा एवं परिचिर्चा करके समस्यो को निपटारा किया जाता था, चाहे मामला कितना ही बड़ा क्यू ना हो । और डोरा दादा को कई समाज के कई नियम कानूनो महारत हासिल था। जो कि डोरा दादा का दूसरे लोगो के द्वारा मान सम्मान, आदर वयहार बहुत ही अच्छा रहा है, उसका पहना ओढहवा दोती कुर्ता, पगड़ी, बोली भाषा टाट गोंडी, छत्तीसगढ़ी के साथ संस्कृति को बचाए रखने एवं गांव को एकता और शांति बनाने वाले सियान को सादर नमन है ।

# फुटबॉल टेलेंट हंट प्रतियोगिता में बीएसएफ 135 वीं वाहिनी विजेता




पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कीड़ा परिसर मैदान नारायणपुर में 135वी वाहिनी बी.एस.एफ. के कमांडेंट नवल सिंह व तेदट फुटबॉल क्लब नारायणपुर के सहयोग से आयोजित बीएसएफ अबूझमाड़ टेलेंट हंट फुटबॉल टूर्नामेंट का इंटर बटालियन सेक्टर लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 135 बटालियन बीएसएफ और 11 बटालियन बीएसएफ के बीच खेला गया जिसमें बीएसएफ 135 बटालियन 7 गोलों से विजयी हुई। आज आयोजित इस फाईनल मैच में हजारों की संख्या में दर्शक थे, पूरा क्रीड़ा परिसर ग्राउण्ड नारायणपुर खेल प्रेमियों से भरा था । आज का फाईनल मैच ओरछा-बी टीम व शांतिनगर क्लब के मध्य हुआ जिसमें ओरछा-बी टीम 2-0 से विजयी रही।

# नव पदस्थ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने संभाला पदभार

पायनियर संवाददाता ‹ मोहला
www.dailypioneer.com



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नव पदस्थ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक के रूप में पदस्थ रही है। साथ ही प्रजापति पशुपालन विभाग की उप सचिव एवं बेमेतरा, बलरामपुर, कोरिया, जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का दायित्व संभाल चुकी है। पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग की कार्यों की जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एक टीम के रूप में मिलकर उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जिससे जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उच्च स्तर पर स्थापित किया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और विभागों के कक्ष में पहुंचकर अवलोकन किया तथा कर्मचारियों से परिचय एवं कार्यो की जानकारी ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मोदी ने मन की बात के माध्यम से सायबर क्राईम के प्रति किया जागरूक : मधुसूदन

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने रविवार को मोतीपुर स्थित निज निवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना। अपने घर विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचने वाली जनता से मेल-मुलाकात के बीच कुछ समय का विराम लेकर पूर्व सांसद ने अपने घर पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 115वें एपिसोड के सीधे प्रसारण को टेलीवीजन पर देखा। उन्होंने एपिसोड को अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक, समसामयिक एवं देश की जनता के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में पीएम मोदी ने विशेष रूप से देशवासियों को सायबर क्राईम के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक किया है। जिसके लिए डिजीटल सुरक्षा के 3 चरण रूको, सोचो, एक्शन लो के साथ ही डिजीटल अरेस्ट स्कैम, साईबर स्कैम के खिलाफ मुहीम में जुडने् का आह्वान किया है। पूर्व सांसद यादव ने आज के एपिसोड के सार तत्वों को दोहराते आत्मनिर्भर भारत अभियान को जनअभियान बनाने, फिट इंडिया मूमेन्ट की भावना को जन आंदोलन बनाने, देश को इनोवेशन हब बनाने, के साथ ही वोकल फॉर लोकल की भावना को ध्यान में रखकर त्यौहारों की खरीददारी स्थानीय स्तर पर करने की अपील की है।

# नगर के प्रतिभावान राहुल बाजपेयी बने सब : इंस्पेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर के प्रतिष्ठित बाजपेई परिवार के होनहार बेटे राहुल बाजपेई का चयन सब - इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। आज जारी किए गए व्यापम के नतीजों में राहुल बाजपेई के चयन को खुद राहुल सहित परिजनों ने मां लक्ष्मी का आशीष बताया है । शुरू से ही अपना लक्ष्य इस पद हेतु निर्धारित करने वाले राहुल ने हमें बताया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती । उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति पर माता - पिता सहित बड़े पापा और चाचा के आशीर्वाद को सफलता का श्रेय दिया।

व्यापम द्वारा 2018 में आयोजित सब - इंस्पेक्टर परीक्षा के परिणाम आज घोषित किए गए । उक्त परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित स्व. रामनाथ बाजपेई के पोते एवं संजय - रामेश्वरी बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने सफलता अर्जित की है । कान्यकुब्ज सभा के वरिष्ठ सुनील बाजपेई एवं सक्रिय सदस्य संदीप बाजपेई के भतीजे राहुल का शैक्षणिक रिकॉर्ड शुरू से ही बेहतर रहा है । अत्यंत ही कोमल एवं व्यवहार कुशल राहुल ने अपने अध्ययन के समय से ही सब - इंस्पेक्टर सहित प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा था । हमसे चर्चा के दौरान राहुल ने बताया कि वे पी एस सी की तैयारी में जुटे हुए थे । इसी दौरान 2018 में 600 पदों के लिए एस आई की भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ । उन्होंने आवेदन करने के साथ अपनी तैयारी को और अधिक दुरुस्त करते हुए चयन के लिए प्रयास शुरू कर दिया । एस आई की लिखित परीक्षा के उपरांत फिजिकल टेस्ट बड़ा मायने रखता है , इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने शारीरिक व्यायाम की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अखाड़े में नियमित अभ्यास भी जारी रखा ।

स्थानीय वेसलियन अंग्रेजी स्कूल से कक्षा बारहवीं तक का अध्ययन पूरा कर उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय से कॉमर्स में स्नातक की उपाधि प्राप्त की । तत्पश्चात समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की । राहुल का मानना है कि यह कहकर अपनी किस्मत को नहीं कोसना चाहिए कि नौकरी पाना बहुत ही जटिल काम है । उन्होंने कहा है कि मन में ली गई प्रतिज्ञा को वास्तविकता में बदलने के लिए गांठ बंधना भी जरूरी है , कि सफलता कैसे नहीं मिलेगी । संजय बाजपेई के द्वितीय पुत्र राहुल बाजपेई ने अपनी सफलता पर सभी परिजनों सहित शुभ चिंतकों के आशीष को ही श्रेय माना है ।

## बलरामपुर घटना की जांच उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में हो

# सरकार बेपटरी हो चुकी है, मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। प्रेस वार्ता में प्रदेश के बलरामपुर की घटना को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरूचरण मंडल की मौत हो गयी। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरूचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है।

सारे तथ्य बताते है बलरामपुर में युवक गुरूचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है।मृतक जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरूचरण मंडल को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि ÷पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा 4 दिनों से उसे थाने में हिरासत में रखा था। पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में हूं। पुलिस ने हमें बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से मैंने अपने बेटे को खो दिया। प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरूचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया ? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया ? मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी ? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया ? मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस जलाना क्यों चाहती थी ? हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया ? प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराया जाये। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बना कर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये। मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाये। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे, गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाये। प्रेस वार्ता में प्रदेश की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि राज्य में रोज-रोज घट रही घटनायें यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। ऐसी नकारी और निक्कमी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिये। जब जनता अपने जान-माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर जाये तथा राज्य के हालात अराजक हो जाये तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिये। बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की अर्कमण्यता का नतीजा है जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है।

## क्वीक न्यूज

### बाजार एवं यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** एएसपी राहुल देव शर्मा ने शहर में बाजार भ्रमण कर यातायात/कानून व्यवस्था का जायजा लिया। शहर भ्रमण के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम मौजूद थे। दीपावली त्यौहार नजदीक आने से बाजार में लगातार बढ़ रहे भीड़-भाड़ को देखते हुए शहर के व्यापारियों को रोड़ के अंदर व्यवस्थित सामान लगाने एवं दुकानो में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित स्थल पर पार्किंग कराने समझाईश दिया गया।

### भर्ती के लिए अंतिम पात्र एवं वरीयता सूची जारी

**राजनांदगांव।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम पात्र एवं वरीयता सूची तथा अंतिम अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर ने बताया कि प्रकाशित सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्टोरेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिन पदों पर नियमानुसार लिखित एवं कौशल परीक्षा ली जाएगी, उन अभ्यर्थियों तथा मेरिट के आधार पर भर्ती किए जाने वाले पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।

### भर्ती के लिए पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी

**राजनांदगांव।** पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में संचालित कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी उपरांत पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी की गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में दावा आपत्ति 6 नवम्बर 2024 प्रस्तुत की जा सकती है। पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय के कक्ष क्रमांक 112 के सूचना पटल पर किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### आपदा प्रभावित को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

### 31 दिसम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत महाविद्यालय स्तर के संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से 31 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए पात्र विद्यार्थी संबंधित संस्थान एवं कार्यालय आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग राजनांदगांव से संपर्क कर सकते हैं।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फै लाने के लिए समाज के सभी वर्गो के लोगों के सहयोग से 29 अक्टूबर 2024 को सुबह 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम चिरपोटी हर घर नल जल ग्राम घोषित

- प्रधानमंत्री जी के हाथों दिल्ली में जल वाहिनी उर्वशी साहू को मिला प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





ग्राम चिरपोटी दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। ग्राम चिरपोटी में जनसंख्या लगभग 1956 है, जिसमें कुल 450 परिवार है, लगभग 35 परिवार एसी, 55 परिवार एसटी एवं 360 परिवार ओबीसी है। ग्राम चिरपोटी में पेयजल की व्यवस्था के रूप में 15 हैंडपंप है जिसमें से सभी हैंडपंप संचालित है, परन्तु ग्रीष्मकाल के दिनों में अधिकतर हैंडपंप का जल स्तर निचे गिर जाने के कारण सूखे की स्तिथि उत्पन्न हो जाती थी। ग्रामवासी पेयजल के लिए ग्राम से बाहर हैंडपंप और कूपों से पेयजल की पूर्ति करते थे। इस प्रकार ग्रीष्मकाल में ग्राम की महिलाओं को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता था।पेयजल समस्या निदान हेतु जल जीवन मिशन के तहत कार्य की शुरूवात पेयजल की समस्या के समाधान हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा कर कार्य की शुरूवात की गई। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम चिरपोटी में सभी घरों को प्रधानमंत्री जी के इस योजना से जोड़ा गया। जल जीवन मिशन के आने के बाद हर घर नल से जल मिलने लगा। ग्रामवासी महिलाओं को इस योजना से मिल रही है राहत। ग्राम चिरपोटी दुर्ग विकासखंड का पहला गांव बना जिसमें जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हुआ और ग्राम चिरपोटी हर घर जल ग्राम घोषित हुआ।जल जीवन मिशन से महिलाओं का जीवन बदला, जल जीवन मिशन के आने से न केवल महिलाओं को राहत मिल रही है, उसके अलावा महिलाओं की छवि भी बदली है। महिलाए घर के साथ साथ समाज के कल्याण के लिए भी हाथ बटा रही है। जल जीवन मिशन से महिलाओं को पहचान मिल रहा है, वे जल वाहिनी के रूप में काम कर रही है, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण में भाग ले रही है। निम्रिति चौहान उम्र लगभग 34 वर्ष एवं उनकी सहेली ग्राम चिरपोटी में जल वाहिनी है, उनका कहना है कि वर्ष 2017 में वो जब शादी होकर आई तब ग्राम चिरपोटी में पानी की बहुत समस्या थी, घर में पानी की पूर्ति के लिए उन्हें दूर कुवें से पानी लाना पड़ता था। तब नयी जगह नए लोग में उन्हें बहुत कठिनाइयों से जल भरकर लाना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर में ही नल लगने से बहुत सहारा मिला है। इसी प्रकार कुलेश्वरी साहू उम्र लगभग 28 वर्ष ग्राम चिरपोटी की निवासी है। एक गर्भवती महिला के लिए दूर से पानी लेकर आना कितने मुश्किल की बात है, कुलेश्वरी बताती है इस अवस्था में उनका स्वास्थ्य खराब होने के वजह से उनका छोटा बेटा उनकी मदद करता था। उनका पूरा परिवार जल जीवन मिशन के आने से खुश है। उर्वशी साहू उम्र लगभग 50 वर्ष ग्राम चिरपोटी की निवासी है। गृहणी के साथ-साथ जल वाहिनी भी है।


# धान खरीदी की सभी तैयारियां समय सीमा में करें सुनिश्चित: कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य पर होने वाले आगामी धान खरीदी के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी संपादन के लिए बनाए गए सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी की सभी तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी शासन द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। जिले के पंजीकृत किसानों से सुविधाजनक रूप से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की सभी तैयारी के लिए 35 बिंदु में बनाए गए सत्यापन रिपोर्ट 2 नवंबर तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके तहत खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधा की जांच कर ले। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी धान बेचने में नहीं होनी चाहिए। साथ ही अवैध धान के भंडारण और विक्रय की गतिविधि भी नहीं होनी चाहिए। इन कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने और संलिप्तता पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित नई दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए उसका अच्छे से अध्ययन कर लेने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी खरीदी केंद्रों के लिए एक-एक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। साथ ही संवेदनशील केंद्र और आवश्यक केंद्रों के लिए दो-दो नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। इस बार लघु एवं सीमांत किसानों को दो एवं बड़े किसानों को तीन टोकन प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा की खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी निरंतर होना चाहिए यह भी सुनिश्चित कर लें। अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण करते पकड़ाए जाने वाले गाड़ियों को धान खरीदी की अवधि समाप्त होने तक नहीं छोड़ा जाएगा। ऐसे सभी प्रकरणों में जप्त गाड़ियों की गूगल फॉर्म के माध्यम से एंट्री की जाएगी। इस दौरान बैठक में जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु, डीएमओ अमित चंद्राकर, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गोस्वामी, सहायक पंजीयक मती उषा ध्रुव सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# जारी है डेंगू, मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु अभियान



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बिमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है। जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की टीम बनाई गई है, जो बस्तीयों में जाकर निरीक्षण करते है। संबंधित परिवार को समझाइस देते है। रैली निकालते है, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते है कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे। नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्र. 17 नेहरू भवन पुरानी बस्ती के आस-पास कुलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफास, जला आईल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उसके साथ-साथ नागरिको को जागरूक करते हुए बता रहे है कि पानी को उबालकर पीए, शुद्ध ताजा भोजन करे।

# 2017 बैच के युवा आईएएस रोहित व्यास ने ली ज्वॉनिंग विकास के लिए साप्ताहिक पैदल करेंगे शहरों की मॉनिट्रिंग

## शिक्षा, स्वास्थ और ग्रामीण विकास को बताया पहली प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के नवपदस्थ कलेक्टर आईएएस रोहित व्यास ने सोमवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। कलेक्टर व्यास जिले के 20वें कलेक्टर होंगे। कलेक्टर व्यास 2017 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। कलेक्टर व्यास ने 28 अगस्त 2017 को आईएएस की सर्विस ज्वाइन की। लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी में ट्रेनिंग के बाद रोहित की फील्ड पोस्टिंग के लिए राजनांदगांव में सहायक कलेक्टर के तौर पर नियुक्ति हुई। फिर 3 महीने तक भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय में अवर सचिव रहे। वहां से वापस लौट कर जशपुर जिले के बगीचा में एसडीएम, बगीचा के बाद मुंगेली और बस्तर के जिला पंचायत में सीईओ, बस्तर के बाद दुर्ग जिले के भिलाई नगर निगम आयुक्त, दुर्ग जिले के अपर कलेक्टर भी रहे। फिर सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले के कलेक्टर के रूप में कार्य कर चुके हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने नए कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात की। प्राथमिकता में क्षेत्र का विकास पदभार ग्रहण करते ही कलेक्टर व्यास ने प्रेसवार्ता को संबोधित कर अपनी प्राथमिकताओं को बताते हुए कहा, जशपुर सीएम गृह जिला है यहां विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी।

# फटाखा दुकानों पर कार्यवाही हेतु दल गठित


पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com


कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा फटाखों के उपयोग के संबंध में पारित आदेश के पारिपालन में आवश्यक कार्यवाहियां हेतु जांच दल गठित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक क्षेत्र हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम (संबंधित क्षेत्र), अनुविभागीय दण्डाधिकारी (संबंधित क्षेत्र) एवं नगर पुलिस अधीक्षक (संबंधित क्षेत्र) तथा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी (संबंधित क्षेत्र), नगर पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (संबंधित क्षेत्र) एवं मुख्य नगर पालिका/नगर पंचायत अधिकारी (संबंधित क्षेत्र) जांच दल में शामिल किये गये हैं।

# मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में प्रेस कांफेंस 29 अक्टूबर को शाम 4 बजे

**दुर्ग।** निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस 29 अक्टूबर 2024 को सायं 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष दुर्ग में आयोजित की गई है। उक्त प्रेसवार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधियों को आमंत्रित की गई है।






**धनतेरस** के दिन धन्वंतरि, कुबेर और मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। इस पर्व को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार दिवाली के आगमन का प्रतीक है। इस त्योहार का महत्व धन, संपत्ति और आरोग्य से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद के देवता माने जाते हैं। वहीं, मां लक्ष्मी और कुबेर की पूजा आर्थिक समृद्धि के लिए की जाती है।

धनतेरस का त्योहार हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। इसे दीपावली के आगमन का संकेत भी कहते हैं। धनतेरस के मौके पर धन्वंतरि, कुबेर और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ये तीनों देवता आर्थिक समृद्धि और आरोग्य के लिए पूजे जाते हैं। धनतेरस के मौके पर आयुर्वेद के देवता कहे जाने वाले धन्वंतरि की पूजा होती है। भगवान धन्वंतरि हिंदू धर्म में सबसे अधिक पूजनीय देवताओं में से एक हैं। कहा जाता है समुद्र मंथन के समय प्रकट हुए थे।

देवी लक्ष्मी धन की देवी होती हैं। धनतेरस के मौके पर घर की सफाई करके घर में दीप जलाया जाता है। दीप जलाने का उद्देश्य घर के आंगन और मुख्य द्वार को रोशन किया जाता है ताकि धन की देवी का आगमन अच्छे से हो सके। वहीं, कुबेर को धन का स्वामी कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कुबेर की पूजा करने से धन संपत्ति में विस्तार होता है। ऐसे में धनतेरस एक बेहद रोचक और मान्यताओं से भरा महत्वपूर्ण त्योहार है।



# सुनील सोनी के वायरल वीडियो के खिलाफ भाजपा ने दर्ज करवाई शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को लेकर वायरल किए गए फेक वीडियो और इस पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला द्वारा दिए गए बयान पर अपनी कड़ी नाराजगी जताई है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के प्रदेश संयोजक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर, धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में फर्जी फेक वीडियो की शिकायत करके सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस को सौंपे अपने पत्र में कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला द्वारा कांग्रेस के अधिकृत मीडिया ग्रुप में एक वीडियो जारी किया गया है, साथ ही उनके द्वारा जारी किये गये पोस्ट पर वीडियो जारी कर प्रत्याशी सुनील कुमार सोनी के विरुद्ध भ्रामक। टिप्पणी की गई है। उक्त वीडियो में भाजपा प्रत्याशी सुनील कुमार सोनी को एक बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति से गले मिलते और उसके गालों को चूमते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो रायपुर दक्षिण के मतदाताओं को भ्रमित करने के उद्देश्य से वीडियो में काट-छाँट करके मीडिया को जारी किया, जिससे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की छवि खराब हो। ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के चरित्र पर भी गलत प्रभाव डालने की कोशिश की गई है। पत्र में कहा गया है कि सुशील आनंद शुक्ला के द्वारा किया गया यह कृत्य आई. टी. एक्ट के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है, जो कि गंभीर प्रकृति का अपराध है। अतः महोदय से निवेदन है कि शुक्ला के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर उनके विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए शिव रतन शर्मा व अजय चंद्राकर ने कहा कांग्रेस ने यही पत्र आज से ठीक 1 साल पहले बैजनाथ पारा में भी आजमाया था। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को खराब करने की कोशिश लगातार कांग्रेस द्वारा की जा रही है। आज की कार्यवाही भी उसी का एक हिस्सा है। इसे रायपुर दक्षिण के मतदाता सफल नहीं होने देंगे। भाजपा नेता नरेश गुप्ता, बृजेश पांडे अनुराग अग्रवाल, मृत्युंजय दुबे ने शिकायत दर्ज करवाई। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, सुभाष तिवारी, मोहन एन्टी, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता बृजेश पांडे, अमित साहू, भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, अमरजीत छाबड़ा, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल, सुभाष तिवारी, मृत्युंजय दुबे, अकबर अली, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रायपुर शहर गोविंद गुप्ता, अर्पित सूर्यवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।





# डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया, राज्योत्सव में मोदी की गारंटी के साथ दिखेगी छत्तीसगढ़ की विकास गाथा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर शासन-प्रशासन जुटा हुआ है। इस बीच उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि इस बार राज्योत्सव मेला का आयोजन 4 से 6 नवंबर को नया रायपुर अटल नगर में होगा। मेला में 'मोदी की गारंटी' के साथ छत्तीसगढ़ की विकास गाथा को प्रदर्शित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बलरामपुर दौरे पर को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस राज्य की शांत फिजा को खराब करने की मानसिकता से काम कर रही है। जब सत्ता में थी, तब पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर राज्य के कानून व्यवस्था को चौपट करने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब जनता ने विपक्ष में बिठाया है, तब भी कांग्रेस उसी मानसिकता से काम कर रही है। प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है। राज्य में क़ानून व्यवस्था की स्तिथि बिगड़ने नहीं देंगे। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी।



## राज्य स्थापना दिवस पर रोशन होंगे शासकीय भवन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर से 6 नवंबर तक सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय के आदेश जारी किये गये है। कलेक्टर अवनीश शरण ने निर्देशानुसार जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में 1 नवंबर से 6 नवंबर तक रात्रि में रोशनी करने कहा है। इस व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।













सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403